हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 282, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 अप्रैल, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

अगले कुछ वर्षों में कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी : राजनाथ सिंह

जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब घोटालों की बाढ़ आ जाती है

रायपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए ग्रैंड ओल्ड पार्टी 'कांग्रेस' पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने भाजपा की झोली को भर दिया है, इसलिए आप सबका धन्यवाद करने आया हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम की तपोभूमि है और मेरा छत्तीसगढ़ के साथ बहुत अटूट रिश्ता है। छत्तीसगढ़ जब राज्य बना था तब पहली विधानसभा का चुनाव हुआ था तो उस समय पार्टी की तरफ से, केंद्र की तरफ से प्रभारी बन के यहां आया था। तब लोग कहते थे कि भाजपा की सरकार नहीं बनेगी लेकिन हालत बदलते चले गए। जनता ने यह समझना प्रारंभ कर दिया कि अगर छत्तीसगढ़ का भाग्य कोई बदल सकता है तो वह भाजपा ही बदल सकती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हमारे छत्तीसगढ़ का बहुत बड़ा योगदान होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी इतने सालों तक हुकूमत में रही है। लंबे समय तक इन लोगों ने भारत को लूटा है और लंबे समय तक सरकार चलाई है। जब-जब कांग्रेस की सरकार यहां आई है, तब भ्रष्टाचार तेजी के साथ बढ़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब घोटालों की बाढ़ आ जाती है। उन्होंने कहा कि आपने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार तो बना दी थी, सब घोटाला तो अलग यहां गोठान घोटाला हो गया, गोबर का घोटाला हो गया। पशुधन के चारो के साथ भी घोटाला कर दिया।

दुनिया में भारत का बजा डंका- उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हम विकसित भारत बनना चाहते हैं। ऐसा भारत, जिसमें कोई भी गरीब शेष न बचे, कोई काम करना चाहता है तो उसे काम करने का अवसर मिले। किसी को किसी भी तरह की मुसीबत न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री ने सच में करिश्मा कर दिया है। पहले भारत गरीब देशों की कतार में था। पहले भारत कुछ बोलता था तो लोग ध्यान से नहीं सुनते थे, लेकिन भारत का कद इतना ज्यादा बढ़ गया है कि आज अगर भारत दुनिया के मंच से बोलता है तो सारी दुनिया सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार दुनिया के दूसरे देशों के पास अपनी शिकायतें लेकर जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को ऐसा बना दिया है कि अगर दो देशों के बीच संघर्ष होता है तो वह भारत के पास समाधान के लिए आते हैं। वहीं, दंतेवाड़ा रैली में राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी।

पूर्व मंत्री पर बड़ी कार्रवाई: अमरमणि त्रिपाठी की चल-अचल संपत्ति कुर्क

महराजगंज। अमरमणि त्रिपाठी की चल-अचल संपत्ति की कुर्की हो रही है। पुलिस बल के साथ एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्य के साथ कोतवाली बस्ती के इंस्पेक्टर अनिल कुमार यादव मौजूद हैं। एमपी एमएलए कोर्ट के आदेश पर कुर्की हो रही है। कार्रवाई के चलते नौतनवा कस्बे में स्थित अमरमणि त्रिपाठी का आवास पुलिस छावनी तब्दील हो गया है। बता दें कि पूर्व मंत्री के खिलाफ यह कार्रवाई बस्ती में व्यापारी के बेटे अपहरण मामले में फरार होने के चलते की गई है। अमरमणि को अदालत में सरेंडर होना था। अमरमणि सरेंडर नहीं हुए, जिसके चलते उनकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। छह दिसंबर 2001 को व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल का अपहरण हो गया था। इस मामले में कोतवाली थाने में अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में अमरमणि समेत नौ लोगों को आरोपी बनाया था। आरोप है कि लखनऊ के जिस मकान से अपहृत बालक मिला था, वह तत्कालीन मंत्री अमरमणि का था। अमरमणि के खिलाफ 24 अक्तूबर 2011 से गैर जमानती वारंट जारी है।

सपा-बसपा और कांग्रेस के राज में माफिया को मिलता था संरक्षण : योगी

बिजनौर। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बिजनौर पहुंचे। सीएम योगी का हेलिकॉप्टर आलमपुर गावड़ी पहुंचा। इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा स्थल पर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने अपने 23 मिनट के भाषण में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में अब ना कर्फ्यू है ना दंगा है, अब सब चंगा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में सभी को सुरक्षा का माहौल दिया गया, जबकि सपा, बसपा और कांग्रेस के राज में अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त होता था। मुरादाबाद लोकसभा के ग्राम आलमपुर गावड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में अपने 23 मिनट के भाषण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 से पहले के भारत को भी देखा है और अब 2014 के बाद का भारत भी आपके सामने है।

दुनिया में मात्र 10 वर्षों में कोई देश किस तरह तेजी के साथ विकास के पथ पर प्रगति कर सकता है। उसका उदाहरण भारत आपके सामने है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया भर में देश का माथा ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के एजेंडे में कभी विकास रहा ही नहीं। उन्होंने सिर्फ अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा शासन काल में अपराधी या तो जेल में है या जहन्नुम में है। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद को भी विकास की पटरी पर लाने का काम भी भाजपा के शासनकाल में ही हुआ है। उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए सपा, बसपा व कांग्रेस के झांसे में ना आने का आह्वान किया।

बैसाखी का त्योहार हमारी विरासत का प्रतीक : सीएम योगी- लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैसाखी पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी का त्योहार हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का प्रतीक है। नई फसल के कटने से जुड़ा यह त्योहार हमारे देश की कृषक परम्पराओं और समृद्ध संस्कृति का भी परिचायक है।

बैसाखी दिन दसवें सिख गुरु गोबिन्द सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े उत्साह से अलग-अलग त्योहारों के रूप में मनाया जाता है। यह सभी त्योहार नव वर्ष के आगमन के प्रतीक हैं।मुख्यमंत्री ने कामना की है कि हर्ष और उल्लास का पर्व बैसाखी सभी के जीवन में समृद्धि और प्रसन्नता लाए।

केजरीवाल को जेल में प्रताड़ित किया जा रहा, उनके अधिकार तक छीन लिए गए', संजय सिंह का बड़ा आरोप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित और अपमानित करने का बड़ा आरोप केंद्र की मोदी सरकार पर लगाया है। आप नेता और

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने प्रेसवार्ता कर कहा है कि जेल में मुख्यमंत्री को मिले अधिकार केंद्र ने छीन लिए हैं। जेल प्रशासन ने सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और भगवंत मान को कांच की दीवार के आर-पार से ही मिलने की अनुमति दी है।जबकि यह नियमों केखिलाफ है। क्योंकि जेल प्रशासन के पास आमने-सामने बैठाकर मुलाकात कराने का अधिकार है।उन्होंने कहा कि जेल का नियम 602 और 605 यह कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जा सकती है और यह अधिकार जेल प्रशासन को होता है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ में खूंखार अपराधियों की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जाती है। जो काम तिहाड़ जेल के इतिहास में अब तक नहीं हुआ, वो अब मोदी जी की अगुआई में हो रहा है। मोदी सरकार जेल मैनुअल में मिले न्यूनतम अधिकार और सुविधाएं छीनकर अरविंद केजरीवाल का मनोबल तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि इस बार देश की जनता उनके अत्याचार, तानाशाही, जुल्म और अहंकार का जवाब अपने वोट से देगी। जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की पत्नी और परिवार चिंतित और परेशान हैं। उनके माता-पिता बीमार हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का हाल-चाल जानने के लिए जब सुनीता केजरीवाल आवेदन करती है तो उनको कहा जाता है कि आप आमने-सामने मुलाकात नहीं कर सकते हैं।

सिलीगुड़ी में ममता बनर्जी ने कलाकारों के साथ किया नृत्य, पीएम मोदी की गारंटी को बताया चुनावी जुमला

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को झूठा बताया। इसी के साथ उन्होंने दावा किया भी भाजपा लोकसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीट नहीं जीत पाएगी। चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी के जब्राविटा में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कलाकारों के साथ नृत्य किया। एक रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भाजपा पर बीआर अंबेडकर द्वारा बनाए गए देश के संविधान को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आगे कहा, "भाजपा लोकसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीट नहीं जीत पाएगी। उन्होंने उत्तरी बंगाल के लिए क्या किया? पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी के झांसे में न आएं। यह केवल चुनावी जुमला है और कुछ नहीं।" बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए देशभर में 400 से ज्यादा सीट जीतने का दावा कर रही है। पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में चुनाव होंगे।

अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्ति : आठ करोड़ का मालिक निकला आठ हजार कमाने वाला सफाईकर्मी, मिले अहम सुराग

प्रयागराज। अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों के लिए आठ हजार महीने कमाने वाले जिस सफाईकर्मी के नाम का इस्तेमाल किया गया, वह आठ करोड़ की संपत्ति का मालिक निकला। उसके नाम नैनी, फूलपुर व हंडिया तहसील में बेशकीमती जमीनों का बैनामा कराए जाने के सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। फिलहाल, पांच जमीनों के बारे में पता चला है। पुलिस इन संपत्तियों की जांच में जुट गई है। एक दिन पहले ही नवाबगंज के करोली निवासी इस सफाईकर्मी श्याम जी सरोज का नाम तब चर्चा में आया, जब उसने माफिया भाइयों के चार करीबियों पर मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि इन चारों ने अतीक-अशरफ की बेनामी संपत्तियों का बैनामा उसके नाम पर कराया। उसे बंधक बनाकर जबरन दस्तखत करवाए गए और दोनों की मौत के बाद उक्त संपत्तियों का बैनामा करने का दबाव भी बनाया गया।

कई गुर्गों के नाम भी कराई गई है रजिस्ट्री- मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी तो बेहद चौंकाने वाले खुलासे हुए। सूत्रों का कहना है कि उसके नाम पर फिलहाल, पांच जमीनों का बैनामा कराने की बात पता चली।

इनमें से तीन अरैल के मीरखपुर उपरहार व मवैया और दो जमीनें हंडिया व फूलपुर के सरायइनायत में स्थित हैं। इनकी मौजूदा बाजार के अनुसार कीमत आठ करोड़ आंकी गई है। खास बात यह है कि तीन साल पहले जब इन जमीनों का बैनामा कराया गया, तब वह महज आठ हजार महीने कमाता था। मामले में उसने अपने मालिक, माफिया के गुर्गों जावेद, उसके भाई कामरान व फराज अहमद खान निवासी जीटीबी नगर करेली व शुक्ला जी नाम के एक शख्स को नामजद कराया है।

वहीं दीपक भूकर, डीसीपी नगर ने कहा कि जिन भी संपत्तियों से संबंधित जानकारी मिली है, उनके बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। राजस्व प्रशासन के सहयोग से इन सभी का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित संपत्ति मानकर इन्हें गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क भी कराया जाएगा। श्याम जी सरोज ने पुलिस की पूछताछ में शुक्रवार को अन्य खुलासे भी किए। बताया कि आरोपियों ने उसके नाम पर आईसीआईसीआई बैंक में खाता खुलवा रखा था। साथ ही चेकबुक, एटीएम व पासबुक अपने कब्जे में रखे थे। ब्लैंक चेक पर दस्तखत करा लिए थे।

राजद के घोषणा पत्र पर सियासत, चिराग बोले- किस तरह नौकरी दी जाती थी, यह जनता को पता है

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के घोषणा पत्र पर बिहार में सियासत शुरू हो गई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने कहा कि राजद के घोषणा पत्र पर निशाना साधा। बिना नाम लिए उन्होंने तेजस्वी यादव और उनके परिवार पर हमला भी बोला। चिराग पासवान ने कहा कि एक करोड़ लोगों को नौकरी अगर दे सकते हैं हैं तो लंबे समय तक इन्हीं के परिवार के लोग बिहार की सत्ता में रहे। और, उस वक्त कैसे नौकरियां बांटी गई?, यह सबको पता है। चुनावी समय में वादे बड़े-बड़े किए जाते हैं। जब सत्ता में आते हैं तब सच्चाई का पता चलता है। हकीकत तो यह है कि इनलोगों को जब भी सत्ता मिलती है तो यह लोग बहाना बनाना शुरू कर देते हैं और कहने लगते हैं कि यह गठबंधन का वादा नहीं हमारा वादा था और जब हमारी सरकार आएगी तब इसे पूरा किया जाएगा। तेजस्वी यादव द्वारा एक करोड़ रोजगार देने की घोषणा पर चिराग पासवान ने कहा कि यह पहली बार आपको मौका नहीं मिला। आपको परिवार के दो-दो लोग लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उस समय अगर विकास होता तो आज बिहार पिछड़ा राज्य नहीं कहलाता। यह सबको समझ आ रहा है कि



खाने के दांत कौन से हैं और दिखाने के दांत कौन से हैं। चिराग पासवान ने दावा किया कि बिहार की जनता यह मन बना चुकी है कि हर हाल में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। सही मायनों में डलब इंजन की सरकार ही राज्य का विकास करना चाहती है। हर बिहारी ऐसा चाहता है।

चौबेपुर में अनियंत्रित कार ने तीन अखबार विक्रेताओं को कुचला, दो की मौत, एक गंभीर

प्रखर वाराणसी। चौबेपुर क्षेत्र के ढकवां गांव के समीप शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित कार ने तीन समाचार पत्र विक्रेताओं को कुचल दिया। हादसे में दो समाचार पत्र विक्रेताओं की मौत हो गई। वहीं, तीसरा गंभीर रुप से घायल है। तीनों विक्रेता समाचार पत्र लेने पांडेयपुर जा रहे थे। मृतकों में संजीव कुमार (35) व शैल कुमार (34) शामिल हैं। वहीं, प्रमोद कुमार (32) की हालत गंभीर बताई जा रही है। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी तरफ, गुस्साए लोगों ने वाराणसी-गाजीपुर हाइवे को जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे की जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया। मौके पर एडीसीपी, एसडीएम, एसीपी भी पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार, चौबेपुर के ढकवां गांव निवासी शैल कुमार राम पुत्र स्व. अमर देव प्रसाद, संजीत कुमार पुत्र अजगुत प्रसाद, प्रमोद कुमार पुत्र दशरथ, जो अखबार का बंडल चौबेपुर सेंटर लेने घर से निकले ही थे। पंडापुर तिराहे के समीप अनियंत्रित कार पीछे से साइकिल सवार तीनों समाचार

विक्रेताओं को रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना स्थल पर शैल कुमार व संजीत कुमार दोनों की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई हैं। वहीं प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बजरिए एम्बुलेंस पुलिस ने ट्रामा सेंटर भेज दिया, जहां उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग हाइवे पर आ गए। गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे पर सुबह सवा 6 बजे से सवा 9 बजे तक हाइवे पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलने पर सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. एजीलर्सन, उपजिलाधिकारी सदर, आईपीएस सरवन, एसीपी सारनाथ अतुल अंजान, प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला भी पहुंचे ग्रामीणों की मांग पर उन्हें आर्थिक सहायता दिलाने, कार चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाम खत्म हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया गया।

सिडनी मॉल में हुई चाकूबाजी-गोलीबारी में पांच की मौत, पुलिस ने हमलावर को मार गिराया, कई घायल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में स्थित वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस का अभियान जारी है। घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल है। हालांकि वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल परिसर से जुड़ी घटना पर न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जिसमें कहा गया कि बॉन्डी जंक्शन पर एक व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला किया गया। शनिवार शाम 4 बजे से ठीक पहले कई लोगों को चाकू मारने की रिपोर्ट के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और लोगों से घटनास्थल से दूर रहने का आग्रह किया जाता है। घटना के संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस ने कहा कि सिडनी में चाकू से हमला करने वाले व्यक्ति को हमला गिराया गया है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि मॉल के भीतर से गोलीबारी की आवाज आ रही थी। लोगों पर चाकू से हमला किया गया। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना को बाद भीड़ को इधर-उधर भागते हुए देखा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही कई पुलिस गाड़ी और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी कई वीडियो वायरल हो रही है। बॉन्डी जंक्शन मॉल पर चाकूबाजी की

घटना पर ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज ने कहा कि यह दुखद घटना है। इसमें कई लोगों के हताहत होने की सूचना मिली है। घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करता हूं। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक, एक आदमी मॉल के भीतर चाकू लेकर दौड़ रहा था, जिसने कई लोगों पर वार कर दिया। हालांकि पुलिस ने हमलावर को मार गिराया है।

संपादकीय

खिलौनों के वैश्विक बाजार में भारतीय दस्तक

हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। वहीं दूसरी ओर आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि मेक इन इंडिया अभियान से भारत का खिलौना उद्योग नई ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि मेक इन इंडिया अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीदारी करने वाले कई खरीदार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खासतौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतर्राष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं। अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढ़कर 2600 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है। लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगें लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि मन की बात के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निमार्ताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निमार्ताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं।

बदल रही तस्वीर !

संगठन में इनके लगता ।
आ रही दरार ।।
फिर भी होगा देखना ।
कौन पहनता हार ।।
धीरे धीरे शायद ।
बदल रही तस्वीर ।।
खबर रही है उड़ ।
हैं सारे ही वीर ।।
हारते ना हिम्मत हैं ।
ना खुले बस पोल ।।
एक दूसरे को भले ।
रहें घुमाते गोल ।।
शानदार अंदाज है ।
पर अंदर कोहराम ।।
रुक रुक कर कभी कभी ।
है आता पैगाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल है लोगों की पहली पसंद

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिकी थिंक टेंक प्यू रिसर्च की लोकतांत्रिक देशों को लेकर हालिया रिपोर्ट हमारे देष के संदर्भ में इस मायने में चौकाने वाली है कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौरतरीकों को पसंद करते हैं। इस साल दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में प्यू द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर 24 देशों में किया गया सर्वे अपना खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वे में शामिल देषों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही वहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई पर सबसे चौकाने वाला तथ्य यह है कि वैसे तो दुनिया के अधिकांश देशों की आमजनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। पर हमारे देश के संदर्भ में महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि 2017 में जहां 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है और आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी या यों कहें कि अधिनायकवादी नेता पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पॉलेण्ड सहित कई देश हैं। सर्वे में शामिल 24 में से 8 देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है।

दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप प्रत्यारोप, एकजुटता के बावजूद नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनावों में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ता लग रहा है। विपक्षी दल मुद्दे बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉड को लेकर जिस तरह से बीजेपी को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा हैं पर समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। ठीक इसके विपरीत सत्तारुढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इलेक्षन बॉड को लाख मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या बीजेपी आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल रही है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं।

जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है। पर विगत के पन्ने खोले तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है। दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही हैं। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरु को उस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरु के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रुप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत पाक लडाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा जी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया। यह विवाद का विषय हो सकता है पर आपातकाल के दौरान जिस तरह से अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया या जनसंख्या नियंत्रण सहित कदम उठाये गये उसके प्रशंसक आज भी मिल जाएंगे।

प्यू की रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के यही बात पक्ष में जाती है कि नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही, जुमलेवाज, झूठी बात कहना या ना जाने कितने आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गये और जनता ने एब्सोल्यूट मेजोरिटी देकर सब कुछ साफ कर दिया। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी बीजेपी क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गॉरंटी के नाम से लड़े गये और परिणाम सामने हैं।

दरअसल डेमोक्रेसी के नए रुप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। 18 वीं लोकसभा के हो रहे चुनावों में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं पर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी की इर्दगिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है। चुनाव का विगुल बज चुका है। दो चरणों के लिए नामांकन भी पूरा हो चुका हैं वहीं तीसरे चरण के चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के मतदान की तिथि भी नजदीक आ गई है।

अब यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि जनता किसे सत्ता की चाबी देती हैं पर यह साफ है कि जनता डेमोक्रेसी के ऑटोक्रेसी मॉडल को ही पसंद करती है। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए और सत्ता में आना है तो आमजन तक यह संदेश जाना जरुरी है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोगों ने ऑटोक्रेसी यानी कि अधिनायक वाद को नहीं अपितु लोकतंत्र के अधिनायकवादी मॉडल को पसंद किया है। देश के 72 प्रतिशत लोगों को लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने के तरीकों को पसद करना और साथ ही एक ही चेहरा-एक ही नाम को पसंद करना डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल है।

जयंत के आने से जाटलैंड में एनडीए के लिए पलटेगी बाजी, बीजेपी-रालोद गठबंधन की भी होगी अग्निपरीक्षा

पहले चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने लगभग अपनी पूरी ताकत लगा दी है। 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाला जाएगा। उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर भी पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। अगर उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा को अपनी जीत सुनिश्चित करनी है तो उसे जाटलैंड की यह महत्वपूर्ण 8 सीटों पर भी कब्जा जमाना होगा। बीते 2019 के चुनाव में भाजपा के लिए जाट लैंड की परीक्षा कुछ खास नहीं रह पाई थी। लेकिन इस बार भाजपा बदले समीकरण के साथ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। 2019 में भाजपा को इन आठ में से केवल तीन सीटों पर ही जीत मिली थी।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जयंत चौधरी को साधने में कामयाबी हासिल की। जयंत चौधरी पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के पोते हैं। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करके केंद्र की मोदी सरकार ने जाटों को साधने की एक और बड़ी कोशिश की। जयंत चौधरी के आने से भाजपा को इस बात की उम्मीद है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट वोटर उसके साथ एकमुश्त होकर जुड़ जाएंगे। किसान आंदोलन के बाद से राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक जाट वोटर बीजेपी से दूर हुए थे। यही कारण है कि भाजपा ने उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए जयंत चौधरी को गठबंधन में शामिल कराया।

हालांकि, जयंत चौधरी की पार्टी के लिए 2014 और 2019 का चुनाव कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में भाजपा के साथ गठबंधन करके उन्हें भी इस बात की उम्मीद होगी कि शायद लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी का खाता खुल सकेगा। जयंत चौधरी को एनडीए गठबंधन के तहत दो सीटे दी गई है। ये हैं बागपत और बिजनौर। बागपत में 2014 और 2019 में भाजपा की जीत हुई थी। जयंत चौधरी के लिए पहला और दूसरा चरण लिटमस टेस्ट से कम नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश किसान और जाट प्रभाव वाला माना जाता है। यहां का सियासी आधार भी जाट और किसानों पर ही टिका हुआ है। आरएलडी का वोट बैंक भी जाट और किसान ही हैं। कभी इन्हीं वोटो की बदौलत चौधरी अजित सिंह किंगमेकर बना करते थे। अब उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी पर बड़ा दारोमदार है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा और आरएलडी गठबंधन की भी अग्नि परीक्षा होनी है। इसी के आधार पर भाजपा के साथ जयंत चौधरी का भविष्य भी सुनिश्चित हो सकेगा। विपक्षी खेमा भी लगातार इन क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखा रहा है।

लेकिन भाजपा के लिए चुनौतियां अभी भी बढ़ी हुई नजर आ रही है। इसका बड़ा कारण यह है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजपूत, त्यागी और सैनी वोट बैंक उससे नाराज होता दिखाई दे रहा है। यह तीनों समुदाय अपनी नाराजगी को खुली तौर पर जाहिर कर रहा है। यह तीनों समाज अपने काम प्रतिनिधित्व की वजह से बेहद ही नाराज है। राजपूतों ने तो सहारनपुर में महापंचायत कर दी जिसके बाद भाजपा के भीतर खलबली से मच गई। बताया जाता है कि पश्चिम में उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज 10% के आसपास है। लेकिन उसे इस बार प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। गाजियाबाद में जनरल वीके सिंह की जगह अतुल कुमार गर्ग को भाजपा ने मैदान में उतारा है जिसके बाद इनमें नाराजगी और भी ज्यादा हो गई। त्यागी और सैनी समाज भी अलग-अलग जगह पर पंचायत कर रहे हैं। कुछ सीटों पर सैनी और त्यागी समाज के मतदाता निर्णायक भूमिका में है।

क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा 'तिरंगा'?

कमलेश पांडे

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है।

शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है।

राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से काँग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।

तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी। यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है।

चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है।

अपना विचार

पारसनाथ राय को टिकट मिलने पर खुशी

जखनियां क्षेत्र के चर्चित गीतकार एवं शिक्षक गौरीशंकर पाण्डेय सरस ने पारसनाथ राय को लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। कहा कि लंबे अरसे से विकास से अछूता जखनियां विधानसभा क्षेत्र से ऐसा पहली बार कोई लोक सभा प्रत्याशी होगा जो टिकट पाने की लंबी रेस तथा जद्दोजहद से दूर होगा। भाजपा की मातृसंस्था संघ के विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्व का पूर्ण मनोवेग से निर्वहन करने वाले श्री पारसनाथ राय की कार्यकुशलता में विश्वास कर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जो सकारात्मक कदम पहल कर किया है वाकई काबिले तारीफ है।श्री पारसनाथ राय को टिकट देकर जखनियां तहसील क्षेत्र के लोगों के मन की बात छिन कर नई नई उर्जा का संचार किया है। बेदाग छवि के प्रत्याशी चयनित होने वाले श्री पारसनाथ राय का नाम राजनीति धरातल पर भले ही कम लोग जानते हों परन्तु शिक्षा जगत में एक बड़ी सख्शित के रूप याद किए जाते हैं। जिनमें विकास पुरुष माननीय मनोज सिन्हा के अधूरे कार्यों को पूरा करने की दृढ़ इच्छाशक्ति कूट कूट भरी हुई है ?।एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उभर कर जनता की अदालत में हाजिरी लगाने वाले सौम्य सरल शिक्षित और वाक्पटुता के धनी प्रखर वक्ता श्री पारसनाथ राय लोगों की आशा ही नहीं उम्मीदों पर भी खरा उतरेंगे।

गौरीशंकर पाण्डेय सरस

तेरहवीं का बहिष्कार करते हुए किया गया श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

जौनपुर। जनपद के मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के लतहरिया मोहल्ला में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान पूर्व सभासद राम यश पटेल को श्रद्धांजलि दी गई श्रद्धांजलि समारोह के कार्यक्रम के

कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो लोगों ने पूर्व सभासद को दी श्रद्धांजलि

दौरान मुंगराबादशाहपुर विधायक पंकज पटेल ने पूर्व सभासद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि श्री पटेल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत हम सभी लोगों के लिये बहुत ही दुखद है ऐसी दशा में हम सभी लोग इस पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे `इस कार्यक्रम के दौरान तमाम वक्ताओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी लोगों को तेरहवीं का बहिष्कार करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करना चाहिए जिससे आने वाले समय में लोगों का उत्थान हो सके तथा साथ ही साथ अपने समाज का भी उत्थान हो कार्यक्रम के दौरान अरविन्द सिंह पटेल,सालिक राम पटेल,दीपक पटेल,श्रीराम वर्मा,दूधनाथ पटेल आदि तमाम लोग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को मृत्यु भोज का बहिष्कार करना चाहिए तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को जागरूक भी किया गयो वक्ताओं ने लोगों से अपील करते हुए कहाँ गया कि हम सभी लोगों तेरहवीं के स्थान पर श्रद्धांजलि सभा करनी चाहिए।वक्ताओं ने यह भी कहा कि तेरहवीं एक फिजूल खर्च है तथा पीड़ित परिजनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी हैलोगों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कियो इस कार्य क्रम का संचालन शरद बी पटेल व अध्यक्षता छोटे लाल पटेल ने कियोइस दौरान डॉ दिनेश कुमार पटेल व राकेश कुमार पटेल ने उपस्थित लोगों का आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर सालिक राम पटेल, रामचंद्र पटेल, अमृत लाल पटेल, शैलेन्द्र साहू, राजीव केसरी, एल. बी.पाल, सीता राम पटेल, राम सूरत शेषनारायण पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहेकार्यक्रम के अंत में पौधारोपण भी करते हुए सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखा।

दवा शोध में उपयोगी है कंप्यूटेशनल केमिस्ट्रीः राजाराम

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव, आईआईटी, पटना के डॉ. रंगनाथ सुब्रमण्यम एवं आईआईटी बीएचयू के डॉ. वी. रामनाथन का व्याख्यान हुआ। यह कार्यशाला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सीलरेट विज्ञान स्कीम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रो. राजाराम यादव ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री क्वांटम भौतिकी के सिद्धांत पर आधारित है। कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री की मदद से फार्मा के क्षेत्र में दवाओं को विकसित करने में मदद मिलती हैं। कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री की मदद से नए मैटेरियल के संश्लेषण में मदद मिलती है। संश्लेषित नए मेटेरियल का प्रयोग विभिन्न कार्यों के लिए किया जा सकता है। प्रो. यादव ने कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शोध के लिए प्रेरित किया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के डॉ. रंगनाथ सुब्रमण्यम ने क्वांटम भौतिकी के सिद्धांत पर विकसित हुए विभिन्न कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री के तरीकों पर प्रकाश डाला। आईआईटी बीएचयू के डॉ वी रामनाथन ने प्रतिभागियों को कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री का प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री के विभिन्न सॉफ्टवेयर का प्रयोग करना विद्यार्थियों को सिखाया।

नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राजेंद्र सिंह भौतिक विज्ञान अध्ययन और अनुसंधान संस्थान के रेन्यूएबल एनर्जी शोध केंद्र, नैनोसाइंस और टेक्नॉलजी शोध केंद्र, के सहयोग से, एडवांस कैरेक्टराइजेशन तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन सेंट्रल एडवांस्ड फैसिलिटीज फॉर मटेरियल कैरेक्टराइजेशन में किया जाएगा। संयोजक डॉ० धीरेन्द्र चैधरी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे छात्रों को नैनोसाइंस के अनुसंधान और विकास में प्रयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सचिव डॉ0 काजल कुमार डे ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 छात्रों ने प्रतिभाग किया, तथा यह प्रशिक्षण छात्रों में न सिर्फ शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करेगी बल्कि इस क्षेत्र में कौशल विकास करेगी। प्रो. प्रमोद यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्रों को उनके प्रोजेक्ट को करने में सहयोग प्राप्त होगा तथा उनको शोध के विभिन्न पहलुओं की जानकारी मिलेगी।

महाविद्यालयों में हुए मतदाता जागरूकता अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के नेतृत्व में जनपद में चल रहे स्वीप कार्यक्रम मे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में मतदाता जागरूकता, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी हथेलियां पर मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न स्लोगन का अंकन मेहंदी के द्वारा किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अनिता कुमारी ने विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की और 1 जून 2024 को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर प्रतिभा करने और जनपद का मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से ऊपर करने का आह्वान किया। स्वीप-कोऑर्डिनेटर डा0 अमित यादव ने बताया कि नामांकन के पूर्व तक छात्राएं जो 18 वर्ष पूरी कर चुकी है वह अभी फॉर्म-6 भर कर अथवा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कर सकती है। सहायक स्वीप को-ऑर्डिनेटर डा0 हरिओम ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी मतदाता सूची में नाम होने पर वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य पहचान पत्रों में से किसी को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। प्राचार्य प्रो. अनीता कुमारी छात्राओं सहित सभी उपस्थित शिक्षक कर्मचारीयों को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. शशि कला, डॉ. निरंजन, डॉ. गजनफर सईद, डॉ. शिवानी आदि मौजूद रहीं। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनदप के श्री परमानंद मनोरमा देवी महिला महाविद्यालय, इब्राहिमपुर कला गंगौली, पीजी कालेज, गोरा बाजार गाजीपुर, हिंदू पीजी कॉलेज जमानियां में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीमेंट हटाने को लेकर हुई हाथापाई, दो घायल

खेतासराय(जौनपुर) । शुक्रवार की रात्रि रानीमऊ गांव में घर के दरवाजे से सीमेंट हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए ।जिसमें दो लोग मामूली रूप से पति पत्नी घायल हो गए । एक पक्ष को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया ।उक्त गांव के सीवान में घर बनाकर इम्तियाज और नायब रह रहे है । बताया जाता है कि गांव सभा के लिए प्रस्तावित पानी की टँकी के निर्माण के लिए ठेकेदार ने सीमेंट को इम्तियाज के यहाँ रखी थी । आरोप है उसके द्वारा हटाए जाने पर उसका पड़ोसी नायब आक्रोश हो उठा । हाथपाई में नायब 48 पुत्र मुनव्वर और पत्नी फरजाना 45 मामूली रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुँची डायल 112 ने दूसरे पक्ष के इम्तियाज को हिरासत में लेकर थाने लाई ।पीएचसी सोंधी पर एक पक्ष का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया ।एक्सरे के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । दूसरे पक्ष का मेडिकल मुआयना नही हो सका ।प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने बताया कि सीमेंट हटाने को लेकर विवाद हुआ है।

एसडीएम के आदेश पर चकमार्ग की हुई पैमाइश

सुईथाकला जौनपुर। पिपरौल गांव निवासी अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन शाहगंज के पूर्व अध्यक्ष रामचंदर यादव द्वारा उच्च न्यायालय प्रयागराज में दायर की गई रामचंदर बनाम उत्तर प्रदेश सरकार याचिका के मामले में हाई कोर्ट के आदेश के पालन के क्रम में एसडीएम शाहगंज शैलेंद्र कुमार ने राजस्व टीम गठित करके सीमांकन कार्यवाही करने के संबंध में निर्देश दिया।उप जिलाधिकारी के निर्देशन में नायब तहसीलदार विवेक कुमार की मौजूदगी में राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ गांव में पैमाइश करके सीमांकन किया गया।अधिवक्ता रामचंद्र यादव बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य के मामले में चकमार्ग राजस्व टीम द्वारा हाई कोर्ट में सीमांकन के बाद चिन्हित किए गए स्थान की गलत रिपोर्ट की गई थी। उच्च न्यायालय ने सही रिपोर्ट की जगह गलत रिपोर्ट करने के कारण अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग जौनपुर को तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि 12 मार्च 2024 को अखिलेश कुमार यादव रा. नि. और सियाराम,अभिषेक कुमार लेखपाल की टीम द्वारा सीमांकन करके चिन्हित कर दिया गया और मौके पर खड़ंजा लगा हुआ रास्ता अधिवक्ता की चक में आ गया।चकमार्ग खड़ंजे के पश्चिम चिन्हित किया गया। एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में राजस्व टीम पीडब्ल्यूडी और ठेकेदार के प्रभाव में आकर और घूस लेकर सही रिपोर्ट न लगा कर गलत रिपोर्ट हाई कोर्ट में दाखिल करने का आरोप है।गलत रिपोर्ट करने से शिकायतकर्ता ने अपूरणीय क्षति की संभावना जताई थी।उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार की उपस्थिति में सीमांकन किया गया।चकमार्ग की पैमाइश में यादव बस्ती में जाने वाले खड़ंजे से 20 कड़ी पश्चिम सीमांकन करके चकमार्ग का निर्धारण किया गया ।चकमार्ग अधिवक्ता के चक में पाया गया जिसमें खड़ंजे के पश्चिम 20 कड़ी का चकमार्ग निर्धारित किया गया।

त्वरित कार्यवाही का आदेश दिया

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संरक्षक रमेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डा. राकेश सिंह की अगुवाई में जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला। जिलाध्यक्ष तेरस यादव द्वारा सौंपे गए विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा त्वरित कार्यवाही का आदेश दिया गया कि राष्ट्रीय इण्टर कालेज सिरसी के शिक्षकों की समस्या के समाधान के लिए प्रधानाचार्य को आदेश निर्गत किया गया कि कक्षाओं में पठन-पाठन हेतु कुर्सी, मेज की व्यवस्था करायी जाए साथ ही समस्त पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि संगठन द्वारा दिए गए मांग पत्र का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शिक्षकों के चयन वेतन मान की लम्बित फाइलों का निस्तारण 30 अप्रैल तक कर दिया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, सुनील कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष हसन सईद,डा. उदय सिंह, गुंजन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

डीडीयू में लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी, लू वार्ड भी बना

वाराणसी। पांडेयपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल में भीषण गर्मी से मरीजों की संख्या बड़ी है जिसमें 25 परसेंट मरीज लू से पीड़ित आ रहे है जिन्हें डॉक्टर देखकर इलाज कर रहे हैं हालांकि अभी किसी मरीज के भर्ती होने जैसी स्थिति नहीं आई है लेकिन मेडिकल वार्ड के बगल में 20 बेड का वातानुकुलित लू वार्ड बना दिया गया है` इस संबंध में अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर दिग्विजय सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल के फस्ट फ्लोर पर आइसोलेशन वार्ड में 20 बेड लगा दिया गया है। अचानक बढ़ी भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने वाले मरीजों को लू वार्ड में भर्ती किया जाएगा।

जावा और रिएक्टनेटिव के लिए किया प्लेसमेंट ड्राइव

जौनपुर। विश्वविद्यालय में चल रहे प्लेसमेंट प्रक्रिया में इंजीनियरिंग, बीएसए एवम एमसीए के छात्रों के क्रेनाई सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का आगमन हुआ है। चयन प्रक्रिया की अगली कड़ी में कंपनी डायरेक्टर एवम् को-फाउंडर रोहित चतुर्वेदी, जो विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र भी है। उन्होंने छात्रों से संवाद किया, संवाद के दौरान छात्रों ने प्रश्न पूछे एवम् रोहित ज ने उनके प्रतेक समस्यायों का समाधान किया और छात्रों को बदलते परिवेश के अनुकूल तैयारी करने के लिए प्रेरित किया और इंडस्ट्रियल एरिया में मार्केट की मांग के अनुसार अपने विषयो में अग्रणी होने के लिए कहा। तत्पश्चात चयन प्रक्रिया को 2 चरण में विभाजित किया गया, पहले चरण में 112 छात्रों ने एप्टीट्यूड टेस्ट में सहभागिता की , टेस्ट में 36 छात्र दूसरे चरण में इंटरव्यू के लिए चयनित हुए। सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल पुविवि ने लगातार प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न कर रही है। सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो0 प्रदीप कुमार,श्याम त्रिपाठी उपस्थित रहे। सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मुख्य सदस्य यत्नदीप दुबे, विकास यादव, श्रेया मिश्रा , आकाश कुमार,शुभम कुमार, दिव्यांशु ससंजय,रुद्रांश चतुवेर्दी, हरी ओम साहू, शिवांश श्रीवास्तव, आयुष गुप्ता , रिचा यादव, वैभव भारती, युगांत्रा पाठक, हर्ष श्रीवास्तव आदि छात्र उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

जिलाधिकारी की उपस्थिति में फतेउल्लाहपुर में गेहूं का का हुआ क्राप कटिंग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर जनपद में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के ऑकड़े तैयार किये जाते है जिससे उत्पादन की सटीक आकलन प्राप्त की जाती है। क्राप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि, भारी वर्षा एंव अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है।इसी सिलसिले में आज जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिति में ग्राम फतेउल्लाहपुर के निवासी फेकू राम के खेत का क्रॉप कटिंग कराया गया। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा एवं भू-अभिलेखो की जांच करते हुए काश्ताकार से बोए हुए फसल की जानकारी ली। क्रॉप कटिंग 43.3 वर्ग मीटर की गई जिसमें 12.840 किग्रा गेहूं निकला। इस क्रम कुल टोटल की दर से 36 कुंतल प्रति हेक्टेयर इस क्राफ्ट कटिंग के दौरान गेहूं निकला। जिलाधिकारी ने किसानो को अपने नजदीकी क्रय केन्द्रो पर फसल बेचने की सलाह दी जिससे के उन्हे अपने फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होने किसान बन्धु से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानो से अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर तहसीलदार सदर, कानून-गो अपर सांख्यिकी अधिकारी अनुराग जगत श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार एवं लेखपाल, एस बी आई ईश्योरेंस प्रतिनिधि, मौजूद रहे।

सैदपुर के प्रथमिक उच्च प्रथमिक विद्यालयों में चला मतदाता जागरूकता

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी निर्देशन में खण्ड शिक्षा अधिकारी सैदपुर अविनाश राय के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र सैदपुर के विभिन्न प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों चल रहे स्वीप कार्यक्रम मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालयो के छात्र-छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी साथ ही हाथो में पोस्टर, बैनर के माध्यम से गगन भेदी नारो के साथ 01 जून को होने मतदान में शत-प्रतिशत मतदान मे भागीदारी की अपील की गयी। इस दौरान उपस्थित अभिभावको, अध्यापको को मतदान की शपथ दिलायी गयी। इसी क्रम में सभी विकास खण्डो एवं तहसीलो में भी मतदाता जागरूकता चौपाल के माध्यम से लोगो के जागरूक किया गया।

चोलापुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तस्वीर से बदसलूकी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

प्रखर दानगंज चोलपुर वाराणसी। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तस्वीर से अभद्रता के मामले में नाराज सपा कार्यकताओं ने आरोपी युवक के खिलाफ चोलापुर थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश सचिव नीरज यादव ने घटना पर आक्रोश जताते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने क्षेत्र के रहने वाले बड़े लाल चौहान पर आरोप लगाया है कि उसने फेसबुक पर लाइव आकर अखिलेश यादव की तस्वीर पर जूते से मारा और गाली गलौज की। इसके बाद युवक ने अखिलेश की तस्वीर पर पेशाब भी किया।जब इतने पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो उसने समाजवादी पार्टी सांसद और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पर भी अभद्र टिप्पणी की। साथ ही उसने पूरे यादव समाज को गाली दी।नीरज यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। कहा कि यदि युवक पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हम इस प्रकरण के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।तहरीर देने वाले मे पूर्व प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी एडवोकेट नीरज यादव,अभिषेक राय,छात्रसभा प्रदेश सचिव हिमांशु यादव,राहुल यादव, व अन्य समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

होम्योपैथ अस्पताल में भी लू से पीड़ित मरीजों का हो रहा इलाज

वाराणसी। पंडित दीनदयाल अस्पताल परिसर स्थित होम्योपैथ चिकित्सालय में भी लू के मरीजों की संख्या बढ़ी है जिसके लिए उन्हें परहेज के साथ-साथ निःशुल्क दवा दी जा रही है` वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे यहां रोज 160 से 180 नए पुराने मरीज आते है जिसमे नए 120 से 130 नए मरीज जो आ रहे हैं उसमें से 25 से 30 मरीज लू और गर्मी से पीड़ित आ रहे हैं जिनकी लक्षण के हिसाब से पहचान की जा रही है` ज्यादातर मामलों में सिर दर्द, डायरिया, फीवर होने की शिकायत मिल रही है जिसमें कच्चा लहसुन, प्याज, खट्टे फल, दही, अचार आदि से परहेज की बात बताई जा रही है और निःशुल्क दवा देकर उनका बढ़िया इलाज किया जा रहा है।

पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होने के बाद ग्रामवासियों ने किया स्वागत

गोरखपुर। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने से कोई भी असुविधा आड़े नहीं आ सकती। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होनहार अपनी मेहनत और लगन के बल सफलता की बुलंदियों की बुलंदियां हासिल कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में गोरखपुर जनपद अन्तर्गत खजनी ब्लॉग क्षेत्र के ग्राम पंचायत रकौली,खजूरी निवासी उमंग कसौधन पुत्र रामप्रताप कसौधन का उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है। जिससे गांव में खुशी का माहौल था। प्रशिक्षण के पश्चात थाना विभूति खंड लखनऊ में उप निरीक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात प्रथम बार अपने घर रकौल आने पर ग्राम वासियों ने इनका फूल माला पहनाकर अभिनंदन व स्वागत किया। विगत हो कि उमंग कसौधन सीधी भर्ती के माध्यम से 2023 में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए थे।उमंग कसौधन सन् 2014 में सहजनवां स्थित मुरारी इंटर कॉलेज से इंटर कि परीक्षा उत्तीर्ण की थी उमंग कि इस उपलब्धि पर मुरारी इंटर कालेज से सेवानिवृत्त पुर्व प्रधानाचार्य डां राजकरन प्रजापति ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त किया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रेम प्रकाश राम त्रिपाठी,राम प्रताप सेठ, विश्वनाथ सेठ, महेंद्र सेठ, विनोद मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, बैजनाथ,अजय, सहित सैकड़ों कि संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

क्वींसलैंड (द कन्वरसेशन)। चुकंदर चमत्कारिक वनस्पति है। चिकित्सक चुकंदर के स्पष्ट स्वास्थ्य लाभों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। सवाल है कि क्या चुकंदर वास्तव में वनस्पति वियाग्रा है? जैसा कि यूके टीवी डॉक्टर माइकल मोस्ले सुझाव देते हैं। हालांकि चुकंदर के अन्य स्पष्ट स्वास्थ्य लाभों के बारे में कम बात होती है, जो रक्तचाप को कम करने से लेकर आपके दैनिक कसरत के लाभ बढ़ाने तक है। विज्ञान यही कहता है।

चुकंदर है चमत्कारिक

चुकंदर वियाग्रा तो नहीं है लेकिन बहुत कुछ कर सकता है

चुकंदर में क्या खास है?

चुकंदर एक 'सुपरफूड' है और इसमें प्रति ग्राम कुछ विटामिन और खनिजों का स्तर औसत से ऊपर होता है। चुकंदर विशेष रूप से विटामिन बी और सी, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। अधिकांश खाना पकाने के तरीके इसके एंटीऑक्सीडेंट स्तर में महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं करते है। हालाँकि, कच्चे चुकंदर की तुलना में प्रेशर कुकिग में कैरोटीनॉयड (एक प्रकार का एंटीऑक्सीडेंट) का स्तर कम हो जाता है। कैप्सूल, पाउडर, चिप्स या जूस में प्रसंस्करण से चुकंदर की एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। हालाँकि, यह विभिन्न उत्पादों के बीच भिन्न हो सकता है, जिसमें चुकंदर का रस भी शामिल है।

यह कैसे काम करता है?

जब हम चुकंदर खाते है, तो बैक्टीरिया और एंजाइमों से जुड़ी रासायनिक प्रतिक्रियाएं चुकंदर में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में और फिर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देती है। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को फैलाने (चौड़ा करने) में मदद करता है, जिससे संभावित रूप से परिसंचरण में सुधार होता है। आहार संबंधी नाइट्रिक ऑक्साइड के सबसे समृद्ध स्रोत जिनका नैदानिक अध्ययनों में परीक्षण किया गया है वे चुकंदर और पालक है। ऐसा माना जाता है कि नाइट्रिक ऑक्साइड पुरुषों में सेक्स से पहले और उसके दौरान रक्त प्रवाह को नियंत्रित करने में टेस्टोस्टेरोन की भूमिका का समर्थन करता है। चुकंदर की रक्त प्रवाह में सुधार करने की क्षमता हृदय और रक्त वाहिकाओं की संचार प्रणाली को लाभ पहुंचा सकती है।

यह और क्या कर सकता है?

मनुष्यों में अपने एंटीऑक्सीडेंट और ट्यूमर-विरोधी प्रभाव के कारण हाल के वर्षों में चुकंदर पर ध्यान बढ़ रहा है। चिकित्सीय परीक्षणों ने चुकंदर के सभी सक्रिय तत्वों और उनके प्रभावों को सत्यापित नहीं किया है। हालाँकि, चुकंदर कैंसर और मधुमेह जैसे ऑक्सीडेटिव तनाव और प्रदाह से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए संभावित रूप से सहायक उपचार हो सकता है। विचार यह है कि आप चुकंदर की खुराक ले सकते है या अपनी नियमित दवाओं के साथ अतिरिक्त चुकंदर खा सकते है। चुकंदर एथलेटिक प्रदर्शन में भी सुधार कर सकता है। कुछ अध्ययन सहनशक्ति वाले एथलीटों (जो लंबी दूरी तक दौड़ते है, तैरते है या साइकिल चलाते है) के लिए छोटे लाभ दिखाते है। चुकंदर को साबुत, जूस और पूरक के रूप में सेवन करने के सकारात्मक प्रभावों का समर्थन करने के लिए काफी वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद है। स्वास्थ्य के लिए इसके चमत्कारिक फायदों को देखते हुए आपको भी चुकंदर का खूब सेवन करना चाहिए।

क्या चुकंदर सच में वनस्पति वियाग्रा है?

कहा जाता है कि रोमन लोग चुकंदर और उसके रस का उपयोग कामोत्तेजक के रूप में करते थे। लेकिन इस बात के सीमित वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि चुकंदर आपके यौन जीवन को बेहतर बनाता है। इसका मतलब यह भी नहीं है कि ऐसा नहीं है। बल्कि, चुकंदर के प्रभाव को देखने वाले बड़ी संख्या में वैज्ञानिक अध्ययनों ने कामेच्छा या यौन स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं को नहीं मापा है।

'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले दिन कमाए 36 करोड़ रुपए

मुंबई (आईएएनएस)। एक्टर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के पहले दिन दुनिया भर में 36 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की है। एक बयान के मुताबिक, अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने दुनिया भर में 36.33 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। ईद की छुट्टी के चलते फिल्म ने पहले दिन एक मजबूत शुरुआत की है। इस फिल्म की रोमांचक कहानी ने दर्शकों को फिल्म देखने के लिए आकर्षित किया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में मलयालम अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, जो फिल्म में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे

'थोड़ा सा बादल थोड़ा सा पानी' को थाईलैंड में मिली सराहना

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री भक्ति राठौड़ के शो 'थोड़ा सा बादल थोड़ा सा पानी' को थाईलैंड में काफी सराहना मिल रही है। भक्ति राठौड़ का शो 'थोड़ा सा बादल थोड़ा सा पानी' थाइलैंड में भी प्रसारित हो रहा है,

जिसने वहां के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। यह शो, भारत में काफी हिट था। थोड़ा सा बादल थोड़ा सा पानी में भक्ति राठौड़ ने अनिंदिता बसु का किरदार निभाया था। शो के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, भक्ति राठौड़ ने कहा, यह जानकर बहुत खुशी हुई कि 'थोड़ा सा बदल थोड़ा सा पानी' को थाईलैंड में एक नया दर्शक वर्ग मिला है। यह शो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मै इसे लगातार मिल रहे प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं।

फिल्म 'लकी भास्कर' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। जानेमाने अभिनेता दुलकर सलमान की आने वाली फिल्म'लकी भास्कर' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में दुलकर सलमान के साथ मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी ।टीजर में दुलकर सलमान भास्कर बने हुए है। जो एक बैंकर की भूमिका में नजर आ रहे है। एक दिन उनके पास अचानक बहुत सारा पैसा आ गया, जिससे सभी को आश्चर्य हुआ कि उन्होंने यह पैसा कैसे कमाया। सीथारा एंटरटेनमेंट द्वारा फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के सहयोग से निर्मित फिल्म 'लकी भास्कर' तेलुगु, मलयालम, तमिल और हिंदी में रिलीज होगी। इस फिल्म के संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार है। यह फिल्म इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है।

फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का



पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आएंगे। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया,महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

'मेरे सजना का अंगना' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म 'मेरे सजना का अंगना' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। 'मेरे सजना का अंगना' नारी प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह ने मुख्य भूमिका निभायी है।फिल्म के निर्देशक सचिन यादव ने कहा कि एक अच्छी फिल्म बनाने में हमारे सभी कलाकार तकनीशियन ने जो मेरा साथ दिया। निर्माता तपस्या तिवारी और राज शर्मा ने हमारे ऊपर विश्वास किया, इसलिए इतनी अच्छी मेकिंग कर पाया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की समृद्धि को और आगे बढ़ाने वाली है । फिल्म देखकर दर्शक इस बार-बार देखना पसंद करेंगे।

सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे विक्रांत सिंह राजपूत

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आएंगे। फिल्म का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में है,उनके साथ इस फिल्म में रिचा दीक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे है।

फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे है। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस है। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी है।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दीक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले है।

मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया।टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती है, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते थे। फ़रहान पी. जम्मा द्वारा लिखित और निर्देशित, कुर्जी प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और साल्ट मीडिया द्वारा सह-निर्मित, 'पहली कॉपी' के टीजर को नेटिजन्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।



ओटीटी प्लेटफार्म चौपाल पर रिलीज होगी फिल्म 'दरार 2'

मुंबई (वार्ता)। ओटीटी प्लेटफार्म चौपाल पर मल्टी स्टारर फिल्म 'दरार 2' प्रदर्शित होगी। फिल्म दरार 2 में कुणाल सिंह, सुशील सिंह, अनिल सम्राट और प्रवेश लाल यादव मुख्य भूमिका में है। फिल्म दरार 2, सुशील कुमार उपाध्याय द्वारा निर्देशित फिल्म है। चौपाल के मुख्य चीफ कंटेंट ऑफिसर नितिन गुप्ता ने कहा, चौपाल में भोजपुरी फिल्मों की एक बड़ी लाइब्रेरी है, जिससे कोई भी अपनी पसंदीदा क्षेत्रीय सामग्री एक ही स्थान पर देख सके। दरार 2 एक ऐसी फिल्म है जो मनोरंजन से भरपूर है। फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी।

पौराणिक शो मुझे आकर्षित करते हैं
शिव्या पठानिया

नई दिल्ली (आईएएनएस)। शो 'लक्ष्मी नारायण' में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने शो में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें पौराणिक शो की भव्यता और धार्मिकता आकर्षित करती है। शिव्या इससे पहले 'राम सिया के लव कुश' में सीता और 'बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा' में देवी पार्वती का किरदार निभा चुकी हैं। आने वाले शो 'लक्ष्मी नारायण' में वह 'लक्ष्मी' का किरदार निभाएंगी। पौराणिक भूमिकाओं में उन्हें क्या आकर्षित करता है, इस बारे शिव्या ने बताया, भव्यता और धार्मिकता के साथ शो अपने दर्शकों को जो नैतिक मूल्य प्रदान करते हैं, वह मुझे सबसे अधिक आकर्षित करते है। दोनों भूमिकाओं में भिन्नता के बारे में बात करते हुए, शिव्या ने कहा, विक्रम बेताल एक नैतिक कहानी थी, इसलिए यह एक संपूर्ण शो नहीं था, कि कैसे लक्ष्मी नारायण अस्तित्व में आए और उन्होंने देवताओं के रूप में अपनी भूमिका निभाई और यह उनकी अनकही प्रेम कहानी के बारे में नहीं था। उन्होंने कहा, स्वास्तिक प्रोडक्शंस का शो 'लक्ष्मी नारायण' उनके अस्तित्व से लेकर अनकही प्रेम कहानी तक की यात्रा के मामले में बेहद अलग है जिसे अभी तक खोजा नहीं गया है।

प्रियंका ने 'मंकी मैन' के लिए देव पटेल की सराहना की

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने 'मंकी मैन' के साथ निर्देशक के रूप में अपनी प्रभावशाली शुरुआत के लिए भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता-फिल्म निर्माता देव पटेल की प्रशंसा की है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पटेल और फिल्म के कलाकारों को धन्यवाद दिया, जिसमें सिकंदर खेर और शोभिता धूलिपाला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने लिखा: ब्रावो देव पटेल क्या प्रभावशाली शुरुआत है! प्रियंका ने शोभिता धूलिपाला, सिकंदर खेर और निर्माता जॉर्डन पील को भी टैग किया। फिल्म में शार्ल्टो कोपले, मकरंद देशपांडे, अश्विनी कालसेकर और अन्य भी हैं। देव पटेल की एक्शन थ्रिलर एक युवक की यात्रा पर आधारित है, जो भ्रष्ट नेताओं के कारण हुई अपनी मां की मौत के लिए न्याय मांगने के मिशन पर निकलता है। 'मंकी मैन' भारत में 19 अप्रैल को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज़ अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई है। जहां तक प्रियंका की बात है तो वह फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' की शूटिंग में व्यस्त हैं।

संक्षिप्त खबरें

एयर इंडिया ने पांच नए संपर्क केंद्र किए शुरू

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने दुनिया भर में अपने ग्राहकों को सहायता प्रदान करने के लिए काहिरा और कुआलालंपुर सहित पांच स्थान पर नए संपर्क केंद्र खोले हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मुंबई, काहिरा और कुआलालंपुर में केंद्रों से प्रीमियम सेवाओं का प्रबंधन करने के लिए कैलिफोर्निया मुख्यालय वाली ग्राहक सहभागिता कंपनी कॉन्सेंट्रिक्स के साथ साझेदारी की है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसके अलावा वाहक ने घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नोएडा और बेंगलुरु में संपर्क केंद्र संचालित करने का काम आईएनजीइज़र को सौंपा है। इसमें कहा गया, 'शिकायत प्रबंधन डेस्क ग्राहकों के सभी सवालों, समस्याओं का तुरंत समाधान करता है और 24 घंटे सहायता प्रदान करता है।"

वित्त आयोग ने युवा पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए

नई दिल्ली। 16 वित्त आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवरों और सलाहकारों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सोलहवें वित्त आयोग ने इसके लिए अपनी वेबसाइट पर योग्यता, नियम एवं शर्तें, पारिश्रमिक और आवेदन पत्र अपलोड कर दिया है। बयान के मुताबिक आयोग में अनुबंध के आधार पर युवा पेशेवर और सलाहकार के रूप में नियुक्त होने के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं।

15 मिनट में चार्ज होगा ओमेगा का इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर 'स्ट्रीम सिटी क्यूक' शुक्रवार को पेश किया। इसे 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। कंपनी के अनुसार, वाहन की कीमत 3,24,999 रुपये (एक्स-शोरूम) है। यह दो लाख किलोमीटर या पांच साल की वारंटी (जो भी पहले हो) के साथ आता है। इसमें 8.8 किलोवॉट आवर का बैटरी पैक है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक एवं चेयरमैन उदय नारंग ने कहा कि कंपनी उम्मीद कर रही है कि इस वित्त वर्ष में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी से कर पूर्व आय (एबिड्टा) सकारात्मक हो जाएगी।

केबीसी ग्लोबल कारोबार का विस्तार करेगी : कार्डा

नासिक । केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए अपनी रणनीतिक योजनाओं की घोषणा की है। कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी के सीएमडी नरेश कार्डा ने कहा, 'हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं। हमारी रणनीतिक पहल, परियोजनाओं का मजबूत पोर्टफोलियो और एक स्पष्ट विस्तार पर ध्यान केंद्रित किये हुए हैं।

खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर आई

नई दिल्ली। खाद्य उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीनों के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी जबकि मार्च, 2023 में यह 5.66 प्रतिशत पर रही थी। मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर रही है। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी।

वोडाफोन-आइडिया का एफपीओ 18 को खुलेगा

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा। इसकी न्यूनतम कीमत 10 रुपये और अधिकतम सीमा 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित की गई है। वोडाफोन आइडिया बीएसई को दी जानकारी में कहा, " कंपनी के निदेशक मंडल ने 11 अप्रैल 2024 को हुई अपनी बैठक में 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी।' *(एजेंसियां)*

विदेशी मुद्रा भंडार 648.56 अरब डॉलर के नये उच्चस्तर पर

मुंबई (भाषा)।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.98 अरब डॉलर से अधिक बढकर 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढकर 645.58 अरब डॉलर हो गया था जो उस समय तक का सर्वकालिक उच्च स्तर था।

इससे पहले, सितंबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54.9 करोड़ डॉलर बढकर 571.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 2.39 अरब डॉलर बढ़कर 54.56 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार 2.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत की आरक्षित जमा भी 90 लाख डॉलर बढकर 4.669 अरब डॉलर हो गयी।

गुरुग्राम में 2200 करोड़ की लागत से शॉपिंग मॉल बनाएगी डीएलएफ

नई दिल्ली (भाषा)। रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने अपनी विस्तार योजना के तहत करीब 2,200 करोड़ रुपये की लागत से गुरुग्राम में 26-27 लाख वर्ग फुट के शॉपिंग मॉल का निर्माण शुरू कर दिया है। डीएलएफ के पास वर्तमान में करीब 42 लाख वर्ग फुट का खुदरा क्षेत्र है। इसमें मुख्य रूप से दिल्ली- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मॉल तथा शॉपिंग सेंटर सहित नौ संपत्तियां शामिल हैं। करीब 3.4 लाख वर्ग फुट खुदरा खंड डीएलएफ लिमिटेड के अधीन है और शेष डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लिमिटेड (डीसीसीडीएल) के पास है। डीसीसीडीएल, डीएलएफ और सिंगापुर सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

डीएलएफ के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्रीराम खट्टर ने रियल एस्टेट क्षेत्र पर सीआईआई सम्मेलन में कहा, "हमने गुरुग्राम में 'मॉल ऑफ इंडिया' का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इस मॉल का कुल आकार 26-27 लाख वर्ग फुट है।'

टीसीएस को 12,434 करोड़ का मुनाफा

मुंबई (भाषा)।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि बेहतर मार्जिन और भारतीय कारोबार के मजबूत प्रदर्शन से उसे बढ़त मिली।

देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की समान अवधि में 11,392 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

कंपनी का शुद्ध लाभ पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में नौ प्रतिशत बढ़कर 45,908 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान राजस्व बढ़कर 2,40,893 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022-23 में 2,25,458 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी अपने बिक्री मार्जिन को 1.5 प्रतिशत बढ़ाकर 26 प्रतिशत करने में सफल रही।

इस दौरान राजस्व भी 3.5 प्रतिशत बढ़कर 61,237 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 60,583 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी को 13.2 अरब डॉलर के नए ऑर्डर मिले, जो अब तक किसी भी तिमाही में सबसे ज्यादा है।

टीसीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक के कीर्तिवासन ने एक बयान में कहा कि लाभ मार्जिन और कंपनी को मिले ऑर्डर, उसके कारोबारी मॉडल और निष्पादन उत्कृष्टता की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच कंपनी अपने ग्राहकों के साथ मिलकर काम कर रही है और उनकी मदद कर रही है। बीएसएनएल के साथ 15,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे सहित भारतीय कारोबार से कंपनी का राजस्व 38 प्रतिशत बढ़ा।

इसके साथ मार्च 2024 तिमाही में कारोबार में देश के भीतर होने वाला योगदान पांच प्रतिशत से बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लि. — 4थी तिमाही 2022-23 (करोड़ ₹ में)

	31 मार्च 2023	31 मार्च 2024	पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि %
संचालन राजस्व	59162	61237	3.51
आय	60337	62394	3.41
व्यय	44946	45545	1.33
कर-पूर्व लाभ	15391	16849	9.47
शुद्ध लाभ	11392	12434	9.15
प्रति शेयर आय (₹)	31.14	34.37	

समेकित, अंकेक्षित — पीटीआई ग्राफिक

सेंसेक्स 793 अंक फिसला

निफ्टी भी 234.40 अंक गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ

मुंबई (भाषा)।

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई।

दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढत के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.95 प्रतिशत चढ़कर 90.56 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढत में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट एवं हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहे।

निवेशकों को 2.52 लाख करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली (भाषा)। बीएसई सेंसेक्स में शुक्रवार को 793.25 अंकों की भारी गिरावट से निवेशकों के 2.52 लाख करोड़ रुपये डूब गए। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,244.90 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,52,301.16 करोड़ रुपये घटकर 3,99,67,051.91 करोड़ रुपये (4.79 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "बाजार चालू वित्त वर्ष में अमेरिका में फेडरल रिजर्व द्वारा तीन दर कटौती की उम्मीद बना रहा था, लेकिन हाल ही में उच्च मुद्रास्फीति आंकड़ों ने धारणा को प्रभावित किया है। इसका मतलब यह होगा कि दर में कटौती के लिए इंतजार उम्मीद से अधिक लंबा होगा। महंगाई दर बढ़ने के कारण भारतीय बाजारों में बिकवाली देखने को मिली।" कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और रुपये की गिरावट ने भी धारणा को कमजोर किया।

रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 83.44 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)।

विश्व की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा स्थानीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली का दौर रहने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 83.44 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.36 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.44 के निम्नतम स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 13 पैसे की गिरावट के साथ 83.44 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

बुधवार को रुपया 83.31 प्रति डॉलर पर अपरिवर्तित रहा था। 'ईद-उल-फितर' के मौके पर बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 105.82 हो गया।

मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण अमेरिकी डॉलर पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का रुपये पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे देश की चालू खाता गतिशीलता को खतरा होगा।

भारत की जीडीपी 2024 में 6.1 प्रतिशत बढ़ेगी : मूडीज

नई दिल्ली (भाषा)।



■ मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कुल मिलाकर यह क्षेत्र दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा

भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.1 प्रतिशत बढ़ेगी, जो 2023 में हुई 7.7 प्रतिशत की वृद्धि से कम है। मूडीज़ एनालिटिक्स ने 'एपीएसी आउटलुकः लिसनिंग थ्रू द नॉइज़' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा, 'दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा, लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। हमें उम्मीद है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले साल 7.7 प्रतिशत के बाद 2024 में 6.1 प्रतिशत बढ़ेगी।"

रिपोर्ट में कहा गया कि कुल मिलाकर यह क्षेत्र दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें कहा गया कि एपीएसी (एशिया प्रशांत) अर्थव्यवस्था इस साल 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। विश्व अर्थव्यवस्था 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, वैश्विक महामारी से पहले के प्रक्षेपवक्र के सापेक्ष जीडीपी को देखने से पता चलता है कि भारत तथा दक्षिण पूर्व एशिया ने दुनिया भर में सबसे बड़े उत्पादन घाटे को देखा है और यह महज ठीक होने की शुरुआत हुई है। मुद्रास्फीति के संबंध में इसमें कहा गया है कि चीन और भारत के लिए परिदृश्य अधिक अनिश्चित है। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने कहा था कि खाद्य मूल्य अनिश्चितताएं भविष्य में मुद्रास्फीति पर असर डालेंगे।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4.5 प्रतिशत खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान बरकरार है। आरबीआई ने कहा कि लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव भी जिंस की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है।

खनन में तेजी से औद्योगिक उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)।

देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2024 में सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत बढा, जो चार महीनों में सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान खनन क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन फरवरी 2023 में छह प्रतिशत बढा था। आईआईपी का पिछला उच्च स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 प्रतिशत था। इसके बाद यह धीमा होकर नवंबर में 2.5 प्रतिशत, दिसंबर में 4.2 प्रतिशत और जनवरी में 4.1 प्रतिशत रहा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि फरवरी 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 5.7 प्रतिशत बढा था।

बीते वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी 5.9 प्रतिशत बढा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2024 में खनन उत्पादन आठ फीसदी बढा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 4.8 प्रतिशत बढा था।

विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पांच प्रतिशत बढा, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत बढा था। इस साल फरवरी में बिजली उत्पादन 7.5 फीसदी बढा, जो एक साल पहले इसी महीने में 8.2 प्रतिशत बढा था। पूंजीगत सामान की वृद्धि दर फरवरी 2024 में गिरकर 1.2 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 11 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन अवधि में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 12.3 फीसदी बढा। फरवरी 2023 में इसमें 4.1 फीसदी की गिरावट आई थी। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में आलोच्य महीने में 3.8 प्रतिशत की गिरावट आई।

इंडेल मनी ने की नई दिल्ली में नई शाखा की शुरुआत

नई दिल्ली (वि)। अग्रणी गोल्ड लोन नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) इंडेल मनी ने यहां अपनी नई शाखा की शुरुआत करने की घोषणा की है। कंपनी ने पिछली तिमाही में 11 शाखाओं की शुरुआत की थी। आचार्य निकेतन, मयूर विहार फेज वन में स्थित शाखा ग्राहकों की विभिन्न वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए गोल्ड लोन सॉल्यूशन की व्यापक रेंज पेश करेगी।

तेजी से लोन प्रोसेस करने, प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों, पुनर्भुगतान (रिपेमेंट) के लचीले विकल्प उपलब्ध कराने और ग्राहकों की गोपनीयता सुनिश्चित करने को लेकर इंडेल मनी लोगों और कारोबारियों की वित्तीय भागीदार बनना चाहती है। इंडेल मनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ उमेश मोहनन ने यह जानकारी दी। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 20 और शाखाओं की शुरुआत करना है। इससे कंपनी को गोल्ड लोन उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

सोना 73,000 रुपए के पार चांदी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

नई दिल्ली (भाषा)।

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र रिकार्ड तेजी जारी रही। सोना 1,050 रुपये के उछाल के साथ 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, दिल्ली में सोने की कीमत 1,050 रुपये बढ़कर 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इसी प्रकार, चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये के उछाल के साथ 86,300 रुपये प्रति किलोग्राम की नयी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, "विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की ताजा रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रही थी, जो पिछले बंद भाव से 1,050 रुपये की बढत है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,388 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 48 डॉलर अधिक है।

गांधी ने कहा कि शुक्रवार को यूरोपीय कारोबारी दिन के शुरुआती घंटों में सोना नई सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में बढे तनाव और सीरिया में अपने दूतावास पर इजरायली हमले के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई की संभावना के बाद सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग ने बहुमूल्य धातुओं में तेजी का समर्थन किया।

डेक्कन चार्टर्स के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही पर 26 तक रोक

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने कैप्टन जीआर गोपीनाथ के डेक्कन चार्टर्स के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही पर 26 अप्रैल 2024 तक रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल 2024 को होनी है।

इससे पहले, एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने करीब 10 करोड़ रुपये की चूक का दावा करने वाली वित्तीय ऋणदाता क्रोन फिनस्टॉक की याचिका को स्वीकार करते हुए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया था। डेक्कन चार्टर्स के निलंबित बोर्ड के निदेशक संजय सहगल द्वारा दायर याचिका पर एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने बुधवार को क्रोन फिनस्टॉक को चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।अपीलीय अधिकरण की तीन सदस्यीय पीठ ने अंतरिम समाधान पेशेवर को सुनवाई की अगली तारीख यानी 26 अप्रैल 2024 तक आगे नहीं बढने का भी निर्देश दिया। डेक्कन चार्टर्स विमान रखरखाव, विमानन प्रशिक्षण आदि सेवाएं प्रदान करती है।

यात्री वाहनों की बिक्री रिकॉर्ड 42 लाख के पार

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 42,18,746 इकाई हो गई। उद्योग संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल यात्री वाहन आपूर्ति 38,90,114 इकाई रही थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 13.3 प्रतिशत बढकर 1,79,74,365 इकाई रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,58,62,771 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में सभी श्रेणियों में वाहन बिक्री 12.5 प्रतिशत बढकर 2,38,53,463 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,12,04,846 इकाई थी। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 5.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,00,492 इकाई रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह 47,61,299 इकाई था। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, " भारत सरकार की अनुकूल नीतियों के साथ 7.6 प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि की पृष्ठभूमि में भारतीय वाहन उद्योग ने पिछले वित्त वर्ष में घरेलू उद्योग में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ संतोषजनक प्रदर्शन किया है। " उन्होंने कहा कि वृद्धि का नेतृत्व यात्री वाहन (पीवी) खंड ने किया, जिसका बिक्री आंकड़ा करीब 50 लाख इकाइयों को छू गया। इसमें 42 लाख इकाइयों की घरेलू बिक्री और सात लाख इकाइयों का निर्यात शामिल है। सियाम के अनुसार, यात्री वाहन खंड में एसयूवी सहित यूटिलिटी वाहन की बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 में 25.8 प्रतिशत बढकर 25,20,691 इकाई हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 20,03,718 इकाई थी।

अग्रवाल ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में वृद्धि जारी रही। इसकी बिक्री 13 प्रतिशत से अधिक बढतकर करीब 1.8 करोड़ इकाई रही। हालांकि यह अब भी वित्त वर्ष 2018-19 में 2.1 करोड़ इकाइयों के रिकॉर्ड से कम है। उन्होंने कहा कि यात्री कार और दोपहिया वाहन खंड के कम दाम के वाहनों की श्रेणियों को अब भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से पटरी पर नहीं आई है। चालू वित्त वर्ष के लिए बिक्री परिदृश्य पर अग्रवाल ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग आशावादी है क्योंकि व्यापक आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है। उन्होंने कहा, " अच्छे मॉनसून के साथ, हम इस साल भी उद्योग के लिए निरंतर वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।'



एथनॉल बनाने के लिए बी-हैवी शीरा के उपयोग की अनुमति दे सकती है सरकार

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार चीनी मिलों को कच्चे माल के रूप में अपने अतिरिक्त बी-हैवी शीरा का इस्तेमाल करके एथनॉल बनाने की अनुमति देने पर विचार कर रही है। बाजार में चीनी की संतोषजनक आपूर्ति और स्थिर कीमतों के बीच इस बात पर गौर किया जा रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चीनी मिलों के पास वर्तमान में आठ लाख टन से अधिक बी-हैवी शीरा है। इसके इस्तेमाल पर सात दिसंबर को प्रतिबंध लगने से पहले इसका उत्पादन किया गया था।

सरकार ने एक हफ्ते बाद प्रतिबंध को हटा दिया था और गन्ने के रस तथा बी-हैवी शीरा दोनों के इस्तेमाल की अनुमति दी थी। हालांकि 2023-24 आपूर्ति वर्ष (नवंबर-अक्टूबर) के लिए एथनॉल उत्पादन के लिए 17 लाख टन की कुल सीमा के भीतर अनुमति दी गई थी। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, " पेराई खत्म होने के बाद एथनॉल बनाने के लिए उद्योग ने बी-हैवी शीरे का भंडारण किया, लेकिन सरकार ने अचानक इसके इस्तेमाल की सीमा तय कर दी। मिलों के पास अब बी-हैवी शीरा का अतिरिक्त भंडार है।" सूत्रों ने कहा कि अब जब पेराई समाप्त हो रही है, तो चीनी उद्योग सरकार से एथनॉल उत्पादन के लिए बी-हैवी शीरा के उपलब्ध अतिरिक्त भंडारण के इस्तेमाल की अनुमति देने की मांग कर रहा है। सूत्रों ने कहा, " प्रस्ताव विचाराधीन है। चर्चा जारी है।" उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को घरेलू चीनी उत्पादन को ध्यान में रखते हुए मंजूरी दी जा सकती है। 2023-24 मौसम (अक्टूबर-सितंबर) में अब तक 300 लाख टन से अधिक का उत्पादन हो चुका है, जो मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और यहां तक कि खुदरा कीमतें भी स्थिर हैं। चालू 2023-24 मौसम में चीनी का उत्पादन 315-320 लाख टन के बीच होने का अनुमान है।

दिल्ली की लखनऊ पर पहली जीत

लखनऊ को उसके घर में छह विकेट से हराया, जेक का शानदार पदार्पण

लखनऊ। जेक फरेसर-मकगर्क (55) और रिषभ पंत (41) के बीच 77 रन की तेज तर्रार भागीदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को आईपीएल इतिहास में पहली बार लखनऊ सुपर जायंट्स को उसके घर में छह विकेट से हराया। इकाना स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली ने विजय लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 170 रन बना कर हासिल कर लिया। इससे पहले क्विंटन डिकॉक (19) और कप्तान केएल राहुल (39) की तेज शुरुआत के बाद आयुष बडोनी (55 नाबाद) की तूफानी पारी की मदद से लखनऊ ने सात विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा कर लिया। खचाखच भरे इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवा कर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान (20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाते हुये दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॉयनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट करा कर अपना तीसरा शिकार बनाया।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स	रन	गेंद	4/6
डिकॉक पगबाधा खलील	19	13	4/0
राहुल कै. पंत बो. कुलदीप	39	22	5/1
पड़िक्कल पगबाधा बो. खलील	03	06	0/0
स्टॉयनिस कै. इशांत बो. कुलदीप	08	10	1/0
निकोलस पूरन बोल्ड कुलदीप	00	01	0/0
दीपक हुड्डा कै. वॉर्नर बो. इशांत	10	13	0/0
आयुष बदोनी नाबाद	55	35	5/1
क्रुणाल कै. पंत बो. मुकेश कुमार	03	04	0/0
अरशद खान नाबाद	20	16	2/0

अतिरिक्त: 10, कुल: 20 ओवर में सात विकेट पर 167 रन , **विकेट पतन:** 1-28, 2-41, 3-66, 4-66, 5-77, 6-89, 7-94, **गेंदबाजी:** खलील अहमद 4-0-41-2 इशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3,

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ कै. पूरन बो. रवि बिश्नोई	32	22	6/0
डेविड वॉर्नर बोल्ड यश ठाकुर	8	9	1/0
मैकगर्क कै. अरशद बो. नवीनउलहक	55	35	2/5
ऋषभ पंत स्टं. राहुल बो. रवि बिश्नोई	41	24	4/2
ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद	15	9	0/1
शाइ होप नाबाद	11	10	1/0

अतिरिक्त: 08, कुल: 18.1 ओवर में चार विकेट पर 170 रन, **विकेट पतन:** 1-24, 2-63, 3-140, 4-146, **गेंदबाजी:** अरशद खान 3.1-0-34-0, नवीन-उल-हक 3-0-24-1, यश ठाकुर 4-0-31-1, क्रुणाल पंड्या 3-0-45-0, रवि बिश्नोई 4-0-25-2, मार्कस स्टोइनिस 1-0-10-0,

दिल्ली की उम्मीदों पर खरा उतरे 22 वर्षीय जेक

दिल्ली की जीत में आस्ट्रेलिया के 22 वर्षीय युवा बल्लेबाज जेक की भूमिका अहम रही। दिल्ली कैपिटल्स ने जेक को कमर की चोट से उबर रहे लुंगी एनगिडी की जगह 50 लाख रुपए में खरीदा था और वह दिल्ली की कसौटी पर खरा उतरे। उन्होने कप्तान रिषभ पंत के साथ तेज रफ्तार से रन बटोरते हुये दिल्ली की जीत को आसान बना दिया। जेक ने अपनी 35 गेंदो की संक्षिप्त पारी में पांच जोरदार छक्के लगा कर इकाना में बैठे करीब 45 हजार दर्शकों की वाहवाही लूटी वहीं आईपीएल में शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुये रिषभ ने मैच जिताऊ पारी खेल कर भारतीय टीम में अपनी वापसी की संभावनाओं को पुख्ता किया। इससे पहले पृथ्वी शॉ ने पहले पावर प्ले का भरपूर लाभ उठाते हुये कई आकर्षक शाट लगाये। डेविड वार्नर (8) हालांकि यश ठाकुर का शिकार जल्द बन गये। पारी के सातवें ओवर में रवि विश्नोई ने पृथ्वी की ठोस पारी का अंत किया। जेक और रिषभ की जोड़ी को तोडने के लिये कप्तान केएल राहुल ने भरपूर प्रयास किया मगर उनके गेंदबाजों का जब तक सफलता मिलती तब तक लखनऊ के लिये दिल्ली बहुत दूर हो चुकी थी।

आईपीएल 2024 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रनरेट
राजस्थान	5	4	1	8	0.871
कोलकाता	4	3	1	6	1.528
चेन्नई	5	3	2	6	0.666
लखनऊ	5	3	2	6	0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	0.344
गुजरात	6	3	3	4	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	5	3	2	4	-0.196
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

100 मीटर महिला वर्ग में हिमांशी बनी चैंपियन

भोपाल। एलएनसीटी कॉलेज द्वारा एलएनसीटी रायसेन रोड भोपाल कैंपस में आयोजित की जा रही सातवीं इंजीनियर्स ओलंपिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में एथेलेटिक्स 100 मीटर महिला वर्ग में बीपीईएस की हिमांशी मांडवी प्रथम एवं प्रिया ठाकुर द्वितीय स्थान पर रही। वहीं एथेलेटिक्स 200 मीटर महिला वर्ग में भी बीपीईएस की हिमांशी मांडवी प्रथम एवं रेनु द्वितीय स्थान पर रही। टेबल टेनिस पुरुष वर्ग के फाइनल रोमांचक मुकाबले में वीएनएस के पुष्पेंद्र परमार ने एलएनसीटी के गर्वित शर्मा को 2-1 से हराकर खिताब जीता। शतरंज महिला वर्ग में एलएनसीटी एक्सीलेंस की सलोनी जैन प्रथम स्थान एवं एलएनसीटी साइंस की सृष्टि हजरा द्वितीय स्थान पर रही। रस्साकसी महिला वर्ग में बीएसएस प्रथम एवं एलएनसीटी द्वितीय स्थान पर रहा। फुटसल पुरुष वर्ग के दूसरे राउंड में एलएनसीटी ने न्यू वॉइस हॉस्टल को 6-0 से, कृष्ण रोनाल्डोस ने सिस्टेक को 3-0 से, बॉल बूस्टर ने एंप्लीट्यूड को 1-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। पावरलिफ्टिंग महिला वर्ग में अंडर-65 किलोग्राम वेट कैटेगरी मे शुभांजलि प्रथम एवं अपराजिता तिवारी दूसरे स्थान पर रही। पावरलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में अंडर 55 किलोग्राम वेट कैटेगरी में लोकेश गुसार विजेता रहे।

भोजपुर क्लब लगातार दूसरी बार बैडमिंटन चैंपियन

भोपाल। अरेरा क्लब में आयोजित तीसरी स्व. सजोय बागची मेमोरियल इंटर क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 में भोजपुर क्लब के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर लगातार दूसरी बार ओवरआल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। रविन्द्र चावला एवं मनीष नहारे की जोड़ी ने 40 प्लस, केटेगरी में विजेता शैलेन्द्र बागरे एवं विवेक तत्वादी, 55 प्लस केटेगरी में विजेता, शैलेन्द्र सिन्हा एवं राकेश जोशी 60 प्लस में विजेता, मिक्स डब्ल्स में परेश अग्रवाल एवं श्वेता अग्रवाल विजेता, शैलेन्द्र बागरे एवं मुकेश सिंह 50 प्लस में उपविजेता, जीएस जुनेजा एवं एसके सिन्हा 65 प्लस केटेगरी में उपविजेता रहे। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को भोजपुर क्लब के संरक्षक अरुणेश्वर सिंहदेव, भोजपुर क्लब के उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, विनीत अजमानी द्वारा सम्मानित किया गया।

भोपाल डिवीजन ने शहडोल को हराया

भोपाल। एमपीसीए द्वारा आयोजित स्वर्गीय महाराजा यशवंत राव मेमोरियल इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में चार दिवसीय मैच में भोपाल डिवीजन ने शहडोल डिवीजन को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हरा दिया। अंतिम दिन शहडोल डिवीजन ने 93.4 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 292 रन बनाकर पारी घोषित की, जिसमें लखन पटेल 67 रन, हिमांशु मंत्री 65 रन, हर्ष दीक्षित 60 रन, अभिनव चौहान 29 रन, कार्तिक परिहार ने 28 रनों योगदान दिया। भोपाल डिवीजन से गेंदबाजी में प्रँकेश राय ने 6 विकेट लिए। भोपाल डिवीजन ने अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 28 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिए थे। भोपाल से कनिष्क दुबे 31 रनएविकास शर्मा 35 रनएपृथ्वीराज तोमर 19 रनएअभिराज खरे 28 रन पर नाबाद एवं अनिकेत वर्मा 23 रन पर नाबाद रहे। शहडोल डिवीजन से गेंदबाजी में अक्षय सिंह दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया का हॉकी सीरीज में जीत का चौका

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को 3-1 से हराया है। यह भारत की लगातार चौथी हार है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 4-0 से बढ़त बना ली है। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट में गोल किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से जेरेमी हेवर्ड ने 19वें, 47वें मिनट में और जैक वेल्च 54वें मिनट में गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलायी। मैच का शुरुआती क्वार्टर काफी प्रतिस्पर्धी हुई। दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। पहले क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 12वें मिनट गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए दो त्वरित पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। दूसरे पेनल्टी कॉर्नर के जरिए जेरेमी हेवर्ड ने 19वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाते हुए की जेरेमी हेवर्ड ने 47वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद जैक वेल्च ने 54 मिनट में गोलकर स्कोर 3-1 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने दौरे के पांचवें और आखिरी मैच में 13 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

भारत ने बिली जीन किंग कप में दक्षिण कोरिया को हराया

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया, ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और स्योयुन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया।

साथियान व मनिका नहीं हासिल कर पाये ओलंपिक कोटा

मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ मिली हार

चेकिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली। उल्लेखनीय है कि आठवीं वरीयता प्राप्त साथियान और मनिका की जोड़ी को राउंड ऑफ 16 में बाई मिला था।इससे पहले गुरुवार को भारतीय जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा था। जहां पहले नाकऑउट राउंड के क्वार्टरफाइनल में हार के बाद विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने का यह उनका अंतिम मौका था।

मैरी कॉम ने ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

निजी कारणों का हवाला देकर छोड़ा पद

मुंबई। छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई है । उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से इस्तीफा दिया है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा, देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी । मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं । इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी। उषा ने कहा, हमें दुख है कि मैरी कॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं । उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी। मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं।

चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से बाहर

वेलिंग्टन। चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

रोहित बोले-2027 वनडे विश्वकप खेलना लक्ष्य

आईपीएल में अब कोई टीम कमजोर नहीं: रोहित

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कुछ साल और खेलना चाहते हैं और 2027 वनडे विश्व कप जीतने की दिली ख्वाहिश है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम जीत के अश्वमेधी अभियान पर सवार होकर 2023 विश्वकप फाइनल तक पहुंची लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई। 36 वर्ष के रोहित 2007 टी20 विश्व कप टीम जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे लेकिन वह वनडे विश्व कप को इससे ऊपर रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने संन्यास के बार में अभी सोचा नहीं है। लेकिन पता नहीं जिंदगी कहां ले जाए। मैं इस समय अच्छा खेल रहा हूं और कुछ साल और खेलना चाहता हूं। मैं विश्व कप जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि 50 ओवरों का विश्व कप ही असली विश्व कप है। हम इसे देखकर ही बड़े हुए हैं। लॉर्डस पर 2025 में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होना है। उम्मीद है कि हम उसमें खेलेंगे। आईपीएल में 2008 से लेकर अब तक सारे सत्र खेलने वाले रोहित ने कहा कि लीग में कोई भी टीम अब कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि आईपीएल पिछले एक दशक में इतना बड़ा हो गया है कि हर टीम काफी प्रतिस्पर्धी है। अब कोई कमजोर टीम नहीं है। यह ईपीएल प्रथम श्रेणी जैसा है जिसमें कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है।

फाइनल की हार अभी भी कचोटती है

विश्वकप फाइनल में मिली हार को छह महीने बीत चुके हैं लेकिन रोहित को अभी तक वह हार कचोटती है। उन्होंने कहा कि विश्व कप भारत में हो रहा था। हमने फाइनल तक अच्छा खेला। मैंने सोचा कि ऐसी कौन सी एक बात है जिसकी वजह से हम फाइनल हार सकते हैं और मेरे दिमाग में कुछ नहीं आया। उन्होंने कहा कि हमारे अभियान में एक खराब दिन आना था और वही दिन था। हमने अच्छा क्रिकेट खेला था। लेकिन एक खराब दिन हमारा था और आस्ट्रेलिया का अच्छा दिन था। हमने फाइनल में खराब क्रिकेट नहीं खेली।

डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने ओलंपिक जाने से रोका

नई दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट ने आरोप लगाया कि भारतीय कुश्ती महासंघ उनके सहयोगी स्टाफ को मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद उसने आवेदन किया था। विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। 29 वर्ष की विनेश ने 2019 और 2022 विश्व चैम्पियनशिप में 53 किलो में कांस्य और 2018 एशियाई खेलों में 50 किलो में स्वर्ण पदक जीता था। वह अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिये 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती है। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलो में भी भाग लिया था लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थी। भारतीय कुश्ती महासंघ डब्ल्यूएफआई ने कहा कि कोच और फिजियो को मान्यता पत्र जारी करने के लिए विनेश का ईमेल 18 मार्च को मिला लेकिन तब तक युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को खिलाड़ियों, कोचों और मेडिकल स्टाफ की सूची भेजी जा चुकी थी। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 11 मार्च थी। महासंघ ने 15 मार्च को प्रविष्टियां भेजी क्योंकि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने उसके अनुरोध पर कुछ दिन की रियायत दी थी।

नारियल पानी ही नहीं उसकी मलाई भी है सेहत के लिए फायदेमंद

नारियल के पानी को गुणों की खान कहा जाता है। इसका पानी स्वाद में जितना लजवाब लगता है उतना ही रिफ्रेशिंग ड्रिंक माना जाता है। नारियल का पानी पीने से आपको तुरंत एनर्जी मिलती है। इसके साथ ही इसका सेवन करने से आपकी सेहत को कई फायदे भी होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सिर्फ नारियल का पानी ही नहीं बल्कि उसके अंदर की मलाई भी आपकी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। नारियल की मलाई में विटामिन सी, ई, पोटेशिय, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपके शरीर की बेहतरीन सेहत के लिए बेहद ज़रूरी हैं। चलिए जानते हैं नारियल की मलाई खाने से सेहत को क्या-क्या फायदे होते हैं।

गुड कोलेस्ट्रॉल से भरपूर: नारियल की मलाई आपके दिल की सेहत के लिए बेहद लाभकारी है। इसमें गुड कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है जो बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। इससे दिल की सेहत बेहतर होती है।

डाइजेशन करता है दुरुस्त: अगर आपका हाजमा बिगड़ा रहता है और डाइजेशन सही नहीं रहता है तो नारियल की मलाई आपके लिए फायदेमंद है। इसकी मलाई में फाइबर काफी मात्रा में पाया जाता है जो डाइजेशन के लिए लाभकारी होता है।

प्रेग्नेंट महिला के लिए लाभकारी: नारियल की मलाई में मौजूद फाइबर, पोटैशियम, आयरन और हेल्दी फैट प्रेग्नेंट महिला को पोषण प्रदान करता है। नारियल मलाई के सेवन से प्रेग्नेंट महिला को मॉर्निंग सिकनेस की समस्या से राहत मिलती है।

मिलती है तुरंत एनर्जी- नारियल की मलाई को एनर्जी का पावरहाउस कहा जाता है। इसका सेवन करने से शरीर को तुरंत ऊर्जा मिलती है और आप थका हुआ या कमजोर नहीं महसूस करते हैं।

इम्यूनिटी होती है बूस्ट: कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए नारियल की मलाई बेहद असरदार है। इसमें प्रचुर मात्रा में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं।

वजन करे कम: नारियल की मलाई का सेवन करने से मोटापा कम होता है। नारियल की मलाई में फैट की मात्रा ज्यादा होती है लेकिन इसमें हेल्दी फैट होता है साथ ही मौजूद पोषक तत्व लंबे वक्त तक आपका पेट भरा रखते हैं जिससे कि आपको भूख भी जल्दी नहीं लगती और वजन कम होने लगता है।

रणबीर का वीएफएक्स इस्तेमाल से इंकार

मुंबई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में राम के किरदार में नजर आएंगे। हालांकि अधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रणबीर फिल्म रामायण में राम का किरदार निभा रहे हैं, लेकिन लगातार आ रही जानकारी से लग रहा है कि रणबीर नितेश तिवारी की फिल्म में राम का किरदार निभा सकते हैं। अगर इन बातों को सच माने तो रणबीर फिल्म 'रामायण' में राम के रोल के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में रणबीर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेता जिम में कसरत करते नजर आए।

लाइफ Style

मृणाल ठाकुर

लेटेस्ट पोस्ट से इंदु ने मोहा मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने हिंदी फिल्मों के अलावा तमिल सिनेमा में भी बेहतरीन काम किया है। दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की बेमिसाल फिल्म 'सीता रामम' (हिंदी) तेलुगु में बनी थी। साउथ स्टार नानी और मृणाल ठाकुर की पारिवारिक फिल्म 'हाय पापा' (हिंदी) जबकि तेलुगु में यह फिल्म 'हाय नन्ना' के नाम से रिलीज हुई थी।

फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली और यह हिट रही। सिनेमाघरों की रिलीज के बाद यह फिल्म ओटीटी पर भी पसंद की गई। इसके बाद मृणाल फिल्म 'द फैमिली स्टार' में नजर आईं। इस फिल्म में उन्होंने इंदु का किरदार निभाया है। मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म 'द फैमिली स्टार' को लेकर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने फिल्म 'द फैमिली स्टार' के सेट की कई तस्वीरों को साझा किया है, जिसे देखकर फैंस को फिल्म में निभाए गए उनके किरदार 'इंदु' की यादें ताजा हो गई। इस फिल्म में मृणाल ठाकुर और विजय देवरकोंडा की जोड़ी नजर आई थी। फैंस को इन दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री बेहद पसंद भी आई।

मृणाल ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ''जो भी किरदार मैंने फिल्मों में निभाया है वह सभी मेरे दिल के बेहद करीब हैं। मुझे यकीन है कि मैंने फिल्म में इंदु के किरदार को बखूबी निभाया होगा। मैंने इंदु के किरदार को अपने तरीके से निभाया है। पहले तो मुझे यह रोल करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, लेकिन बाद में मैं इसे समझने लगी और फिर मैंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुझे नहीं लगता कि मुझे ऐसे ही इसे जाने देना चाहिए था।'

बॉडीकॉन मिनी ड्रेस में दिशा ने लगाया हॉटनेस का तड़का

मुंबई। हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो अक्सर अपन लुक एंड स्टाइल से फैंस को क्रेजी करती नजर आती हैं। हाल ही में, दिशा पाटनी ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो काफी हॉट लुक में नजर आ रहीं हैं। इन फोटोज में दिशा पाटनी लाइट पिंक कलर की फुल स्लीव्स बॉडीकॉन मिनी ड्रेस में काफी किलर लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। दिशा पाटनी ने अपने इस क्लासी लुक को रिंग्स, माइक्रो बैग और हील्स के साथ एक्सेसराइज किया और जमकर हुस्न की बिजलियां गिराईं। स्मोकी मेकअप के साथ लाइट कर्ली हेयर लुक को मैच करते हुए दिशा पाटनी ने इस दौरान एक से बढ़कर एक पोज दिए। दिशा पाटनी की इन तस्वीरों पर मौनी रॉय ने कमेंट किया और लिखा - माई स्टनर एक स्माइल वाला इमोजी भी शेयर किया। दिशा की ये तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही वायरल हो गई हैं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं।

हिट गाने की शूटिंग में मच गया था बवाल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ इस साल की शुरुआत में फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में नजर आई थीं। इस फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया था। इस फिल्म के जरिए पहली बार विजय सेतुपति और कैटरीना कैफ की जोड़ी को देखा गया था। उनकी फिल्मों को लेकर हमेशा ही उत्सुकता बनी रहती है। प्रशंसकों की यह उत्सुकता कभी-कभी भारी भी पड़ जाती है। आज हम कैटरीना कैफ से जुड़ा ऐसा ही एक पुराना किस्सा बताने जा रहे हैं। साल 2011 में कैटरीना कैफ ने फिल्म 'मेरे ब्रदर की दुल्हन' में मुख्य किरदार निभाया था। किस्सा फिल्म के हिट गाने 'धुनकी लागे' से जुड़ा हुआ है। 'धुनकी लागे' गाने को आगरा शहर में फिल्माया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को इस बात का पता चल गया था कि कैटरीना कैफ वहां आने वाली हैं। देखते-ही-देखते शूटिंग वाली जगह पर सात हजार से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए थे। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां कितनी ज्यादा भीड़ होगी।

कला का मजाक बनाने वाले छोटी सोच के लोग

मुंबई। कंगना रनौत इन दिनों चुनावी प्रचार में बिजी हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी से चुनाव लड़ रही हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है। कंगना विरोधियों पर जमकर निशाना साधती दिख रही हैं। इस बीच उन्होंने बीजेपी नेता हेमा मालिनी की तारीफ में एक वीडियो पोस्ट किया। यह वीडियो तब का है जब वह 20s में थीं। वह स्टेज पर परफॉर्म कर रही हैं। कंगना ने कहा कि जो लोग कला और संगीत का मजाक बनाते हैं वह छोटी सोच रखते हैं। कंगना लिखती हैं, '20 साल की हेमा जी स्टेज पर परफॉर्म कर रही हैं। यहां तक कि अब भी हेमा जी स्टेज पर 3-4 घंटा लंबा परफॉर्म करती हैं। जो लोग नृत्य, संगीत और कला का मजाक बनाते हैं वो नीच और छोटी सोच रखते हैं।' आगे कंगना लिखती हैं, 'देवलोक में अर्जुन ने भी नृत्य, संगीत और कला में शिक्षा ली थी।

कार्तिक ने निभाई सबसे कठिन भूमिका

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों बैक टू बैक हिट फिल्मों पर काम कर रहे हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। वहीं, उनकी फिल्म 'चंदू चैंपियन' भी जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। कार्तिक आर्यन ने 'नो फिल्टर नेहा सीजन 6' में अपनी आने वाली फिल्म 'चंदू चैंपियन' के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 'चंदू चैंपियन' अब तक की सबसे कठिन फिल्मों में से एक है, क्योंकि इसमें बहुत सारी चाइनीज है। यह सिर्फ मुरलीकांत पेटकर जी की यात्रा नहीं है, ये उनकी जिंदगी पर आधारित फिल्म है। उन्होंने भारत के लिए पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उनकी यात्रा किसी भी यात्रा से अलग है।

पीले दांतों को करें इन नुस्खों से चमकदार

कैल्शियम की कमी या फिर लिवर में प्रॉब्लम की वजह से भी दांतों में पीलापन आ जाता है। इसके अलावा स्मोकिंग, तंबाकू, कोल्ड ड्रिंक, सोडा, टी और कॉफी के ज्यादा सेवन की वजह से भी दांतों में पीलापन आ जाता है। इन चीजों में मौजूद केमिकल्स हमारी दांतों के इनामेल को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं और इनसे इनकी नेचुरल चमक को चुरा लेते हैं। ऐसे में कोई भी टूथपेस्ट जिससे हम अपने दांतों को नेचुरली चमक दे सकें ऐसा कोई भी नहीं है। सबके अपने साईड इफेक्ट्स होते हैं, लेकिन इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आप घर पर ही अपने दांतों को नेचुरली सफेद और चमकदार बना सकते हैं। आइए जानते हैं दांतों के चमकाने के घरेलू उपाय-

नींबू, नमक और बेकिंग सोडा

एक बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर में एक चम्मच नींबू का रस और थोड़ा सा नमक मिलाकर टूथ ब्रश की मदद से अपने सारे दांतों पर अच्छे से मसाज करें और कुछ देर के लिए इन्हें ऐसे ही छोड़ दें। पांच मिनट बाद ठंडे पानी से कुल्ला करें। बेकिंग सोडा और नींबू दांतों को साफ करने में मदद करते हैं और नमक इन्हें पोषण देने का काम करता है।

संतरे के छिलका भी है असरदार

संतरे के छिलके को धूप में सुखाकर बारीक पीसकर पाउडर बना लें और फिर इसे पानी में मिलाकर लेप बना लें। अब इससे ब्रश से पूरे दांतों की मसाज करें। डेली ऐसा करने से दांतों के प्लाक जल्दी से खत्म हो जाएंगे।

पोषण का ध्यान रखें

दांतों की अंदरूनी तंदुरुस्ती आपके पोषणयुक्त खानपान से ही मिलेगी और आपके दांतों को पोषण देने के लिए सबसे अधिक कैल्शियम और विटामिन डी की जरूरत होती है। इसलिए इसकी कमी अपने शरीर में कभी भी न होने दें।

क्रंची फ्रूट्स और फूड्स खाएं

क्रंची फ्रूट्स और फूड्स चबाने से दांतों के प्लाक जल्दी से खत्म हो जाते हैं। साथ ही इन्हें न्यूट्रीशन भी मिलता है। इसके अलावा खुद को हमेशा हाइड्रेटेड रखें और माउथ वॉश का भी प्रयोग करें।

नारियल तेल मसाज

दांतों की नारियल तेल से मसाज करें और फिर कुछ देर ऐसे ही छोड़ दें और फिर नॉर्मल पानी से धो लें। नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड दांतों में प्लाक पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म कर उन्हें सफेद बनाए रखने में मदद करता है।

अंडे का छिलका

अंडे के छिलके को पीसकर चूरण बना लें और इससे भी दांतों की बेहतर सफाई की जा सकती है। इसके बाद आप किसी भी व्हाइट पेस्ट से ब्रश कर लें।

गर्मी के दिनों में इन ड्रिंक्स को करें बॉय-बॉय बिगड़ सकती है तबीयत

गर्मियों ने दस्तक दे दी है और इसी के साथ हम सभी सेहत को लेकर भी अलर्ट हो गए हैं। गर्मियों का मौसम ऐसा होता है कि इसमें जरा सी भी लापरवाही हो जाए तो डॉक्टर के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। हालांकि कुछ लोग ऐसे हैं जो इस दौरान कुछ ऐसी गलतियां करते रहते हैं जिससे उन्हें अंदर ही अंदर नुकसान होता रहता है और जब शरीर की बर्दाश्त करने क्षमता खत्म हो जाती है तो आप बुरी तरह से बीमार पड़ जाते हैं। इस मौसम में सबसे लोगों को सबसे ज्यादा डिहाइड्रेशन की समस्या होती है। आज हम आपको चार ऐसे ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं जो डिहाइड्रेशन का कारण बन सकती हैं।

गर्मियों में इन ड्रिंक्स को करें बॉय-बॉय

चाय हम सभी की पसंदीदा ड्रिंक है। अक्सर लोग सुबह उठते ही चाय पीना पसंद करते हैं, लेकिन गर्मियों के मौसम में आपको चाय अवॉइड करना चाहिए। इसमें कैफीन की मात्रा होती है, इसके कारण आप का शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है। इसके साथ ही आपके शरीर का तापमान बढ़ सकता है।

बहुत सारे ऐसे लोग हैं जिनकी सुबह बिना कॉफी के होती ही नहीं है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि गर्मियों में कॉफी पीने से सेहत पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है। दरअसल इसमें भी कैफीन होता है और यह डाईयूरेटिक की तरह काम करती है। इस वजह से आपको बार-बार पेशाब की समस्या होती है और आपकी बॉडी से पानी खत्म हो सकता है। इसके कारण चक्कर, बेचैनी घबराहट, कमजोरी महसूस हो सकता है। बहुत ऐसे लोग होते हैं जिन्हें बहुत तेज की प्यास लगती है और प्यास बुझाने के लिए वह सोडा का सेवन कर लेते हैं, लेकिन इससे भी आपकी सेहत खराब हो सकती है। इसमें कार्बन और फास्फोरिक एसिड होता है यह किडनी और हार्ट हेल्थ को खराब कर सकता है।

नोरा ने भारतीय पुरुषों पर कही बड़ी बात

मुंबई। नोरा फतेही ने डेटिंग के मामले में भारतीय पुरुषों के प्रति विदेशियों के नजरिए पर चर्चा की। हाल ही में, एक चैट शो में अभिनेत्री ने टिप्पणी की कि भारतीय पुरुष कुछ पहलुओं में मध्य पूर्वी और अफ्रीकी पुरुषों से मिलते जुलते हैं। अगर कोई यूरोप से है तो उसका नजरिया अलग होगा।' नोरा ने भारतीय पुरुषों पर बात करते हुए कहा, 'आप लोग बिल्कुल मध्य पूर्वी और अफ्रीकी लोगों की तरह हैं। ईमानदारी से कहूं तो सच में कोई अंतर नहीं है। मुझे लगता है कि जहां तक मेरे पिछले रिश्ते का सवाल है। वह एक प्यारी लड़की है और वह अपने लिए हर रूप से अच्छा कर रही है। वह एक स्टार बन रही है और अपने पूरे मन के साथ काम रही है, जिसे दर्शकों द्वारा स्वीकार किया जा रहा है और वह आगे बढ़ रही है।

भक्ति में लीन अभिनेत्रियां दरबार में लगाती हैं हाजिरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चैत्र नवरात्र शुरू हो चुके हैं। देश भर में मां दुर्गा की पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है। ऐसे में हमारे टेलीविजन स्टार्स किसी से पीछे कहां रह सकते हैं। आइए आज हम आपको उन टीवी की हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्हें अक्सर श्रद्धा-भक्ति से पूजा करते हुए देखा जाता है। इस लिस्ट में 'नागिन' स्टार मौनी रॉय का नाम सबसे पहले आता है। मौनी भगवन शिव की भक्त हैं। वे अपने सोशल मीडिया हैंडल से कई बार शिव जी की फोटो पोस्ट करती दिखाई देती हैं। इतना ही नहीं वे दुर्गा पूजा भी बेहद धूमधाम से मनाती हैं। वे कई बार महाकाल के दरबार में भी नजर आ चुकी हैं।

रुपाली गांगुली

जब भी मौका मिलता है 'अनुपमा' फेम रुपाली गांगुली महाकाल के दर्शन के लिए निकल जाती हैं। रुपाली गांगुली ने कई बार कहा भी है कि ईश्वर में उनकी अपार श्रद्धा है। वे शिव की महाभक्त हैं।

देबिना बनर्जी

टेलीविजन की मशहूर स्टार देबिना बनर्जी भी हमेशा भगवान की भक्ति में लीन नजर आती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो देबिना छठ महापर्व का व्रत रखती हैं।

अंकिता लोखंडे: 'बिग बॉस' के घर से सुर्खियां बटोर चुकी अंकिता लोखंडे भी ईश्वर में अटूट आस्था रखती हैं। अंकिता बहुत ही प्यार और श्रद्धा से हर साल गणपति जी को अपने घर लाती हैं। अंकिता अपने सोशल मीडिया हैंडल से भी कई बार घर में हो रहे पूजा-पाठ के फोटो को साझा करती दिखाई देती हैं।

विद्युत विभाग की शिथिलता से शोपीस बना एमआरएफ सेंटर

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर पंचायत केराकत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना एमआरएफ सेंटर बनकर तैयार है, मशीन भी आकर नगर पंचायत की जमीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत के सामने रखी गई है, सेंटर के

33 लाख 67 हजार की लागत से बना है एमआरएफ सेंटर

लिए विधुत विभाग से कनेक्शन के लिए नगर पंचायत लाइन में खड़ा है, जिसकी वजह से नगर का कूड़े की समुचित व्यवस्था नही हो पा रही है।

शेखजादा मोहल्ला निवासी 81 वर्षीय हेमराज यादव

विकास यादव

दुकानदार जितेंद विश्कर्मा

अनीश खान

2017- 18 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 33 लाख 67 हजार धन एमआरएफ सेंटर के लिए आवंटित हुआ, काम भी शुरू हो गया बीच में कोरोना काल की वजह से काम में थोड़ी देर हुई लेकिन अंततोगत्वा एमआरएफ सेंटर 2023 में बनाकर ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत को सौप दिया गया, मशीन भी आ गई जिसे नगर नगर के शेखजादा मोहल्ले में लाकर रखा गया है, लेकिन मशीन संचालित करने के लिए नगर पंचायत द्वारा विधुत विभाग को दस किलोवाट बिजली का स्टिमेट भेजा है जो अबतक पास नहीं हो पाया है जिसकी वजह से बिना मशीन के कूड़े को अलग किया जाता है व आधा कूडा अबभी आबादी के बीच नगर पंचायत के शेखजादा मोहल्ले में ही फेका जा रहा है, नगर से 2.25 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन निकलता है जिसकी दुर्गंध से स्थानीय निवासी परेशान हैं, कभी कभी उसमें आग भी लगता है जिसके धुंए से स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को भी आने जाने के दौरान सांस लेने में समस्या होती है। इस बाबत केराकत की प्रभारी अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक ने बताया कि हमलोगों ने विधुत विभाग को स्टिमेट दे दिया है जिसदिन विद्युत विभाग से स्टिमेट आ जायेगा तो स्टार्ट करा दिया जाएगा, बाकी एक दो दिन में चालु करवा दिया जाएगा।

1- शेखजादा मोहल्ला निवासी 81 वर्षीय हेमराज यादव ने बताया कि यहाँ पर दुर्गंध से हमलोग परेशान हैं, खाते समय हवा अगर घर की तरफ चल रही है तो निवाला नही जाता है, जब जलने के बाद धुंआ निकलता है तो आंख से पानी गिरने लगता है, पता नहीं इस समस्या कब निजात मिलेगा।

2- शेखजादा मोहल्ले के ही निवासी विकास यादव ने बताया घर के बाहर नाली के दुर्गंध व गन्दगी से परेशान है ही दूसरे तरफ यहाँ के दुर्गंध से स्थिति बदतर हो गई है, ऐसे लगता है जैसे किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान ही नही जा रहा है इस तरफ, सबसे कहकर थक गए हैं अब।

3- दुकानदार जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि इस स्थिति में रहकर जैसे लगता है दमा हो जाएगा, 10 साल उम्र कम हो जाएगी, किसी तरह दिनभर यहाँ समय काटकर जब घर जाते हैं तब चैन की सांस मिलती है, ऊपर से लगातार कूड़ा गिराया जा रहा है रुकने का नाम नही ले रहा है, हम दिनभर रहते हैं तो इतनी समस्या होती है पता नहीं कैसे स्थानीय लोग जीते हैं।

4- शेखजादा मोहल्ला निवासी अनीस खान ने कहा कि हमारे घर लोग रोग से ग्रसित हो रहे हैं, हमलोग इस समस्या से एकदम परेशान हो गए हैं, खुजली आंखों में जलन, सांस लेने में समस्या होती है समझ नहीं आता किससे कहा जाए कि इस समस्या का निदान हो जाये, यही स्थिति रही तो जल्दी ही कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

1280 करोड़ की लागत से सोलर प्लांट शीघ्र मिजार्पुर में हो जाएगा शुरू-भूपेंद्र सिंह दासौर

मिजार्पुर। ग्रीन एनर्जी की तरफ सरकार के बढ़ते कदम का असर अब जनपद मिजार्पुर में भी दिखाई देने लगा है। विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में जाना माना बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड का बड़ा प्रोजेक्ट अब जनपद मिजार्पुर में सोलर प्लांट के जरिए विद्युत उत्पादन करने जा रही है। बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह दासौर व चेयरमैन विवेक मल्होत्रा ने वार्ता के दौरान कहां की सोलर प्लांट लगाने के लिए जनपद मिजार्पुर उपयुक्त और बेहतर स्थान है। यहां कंपनी ने व्यापक तरीके से तैयारी लगभग पूरी कर ली है ।आतिशीघ्र सब कुछ सामान्य रहा तो चुनाव के बाद प्रधानमंत्री के कर कमल द्वारा सोलर प्लांट का उद्घाटन भी कराया जाएगा ।बताते चले की बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेंद्र सिंह ने इस संबंध में मिजार्पुर के कई बड़े अधिकारियों से संपर्क कर प्रोजेक्ट की रूपरेखा को विस्तार से साझा भी किया है। चेयरमैन के मुताबिक तहसील मड़िहान में स्थापित होने वाले इस सोलर प्लांट से न सिर्फ क्षेत्र का विकास होगा बल्कि जनपद मिजार्पुर विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में अग्रणी भूमिका भी अदा करेगा। बताया गया है कि मड़िहान के एसडीएम युगांतर त्रिपाठी आयुक्त अशोक कुमार और जॉइंट कमिश्नर रोजगार मंडल वीरेंद्र कुमार से मुलाकात कर योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।असिस्टेंट कमिश्नर मिजार्पुर ने भी योजना का स्वागत करते हुए भरपूर सहयोग करने का भी आश्वासन दिया है। जनपद मिजार्पुर में बीएसडी मेगा पावर लिमिटेड के द्वारा लगाए जा रहे पावर प्लांट को लेकर जनपद में काफी उत्साह भी देखा जा रहा है ।तमाम व्यापारिक संगठनों ने पावर प्लांट की स्थापना की खबर सुनते ही हर्ष व्यक्त किया है।

गंगा में उतराया मिला 24 वर्षीय युवती का शव, हत्या की आशंका

प्रखर भदोही। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के बेहरासपुर घाट पर शनिवार की सुबह गंगा में 24 वर्षीय एक युवती का शव उतराया मिलने से सनसनी मच गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाविकों की मदद से गंगा से बाहर निकाला। युवती के शरीर पर चोट के निशान हैं। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को फेंका गया है। जानकारी के अनुसार, गोपीगंज के बेहरासपुर घाट के पास गंगा का बहाव काफी कम है। शनिवार की सुबह गंगा की तरफ गए लोगों को पानी में कोई शव उतराया दिखा। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को नाविकों की मदद से बाहर निकालने में जुट गई।गंगा में मिला शव किसी 24 वर्षीय युवती का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जिस स्थान पर युवती का शव मिला है। उसके शरीर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। वहां पानी का बहाव न के बराबर है और घाट से किनारे भी है। इससे थोड़ी ही दूर पर लोग खेती करते हैं। ऐसे में इस जगह पर शव बहकर आना मुमकिन नहीं है। लोगों ने यह आशंका जताई युवती की हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज संतोष सिंह ने बताया कि शव बरामद कर लिया गया है। जांच के बाद ही कुछ हां जा सकेगा।

बाबा साहब किसी समुदाय के नहीं सम्पूर्ण राष्ट्र के नेता और चिंतक थे : ईशान पाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजीपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भारतरत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के पूर्व संध्या पर मनाई गई। साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को समाज में प्रसारित करने का संकल्प लिया गया। नगर सह मंत्री ईसान पॉल ने कहा कि बाबा साहब किसी विशेष समुदाय के नेता नहीं थे बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के नेता और चिंतक थे। आगे उन्होंने कहा कि हम सबको बाबा साहब के विचारों पर चलकर समाज में समरसता के लिए काम करना है। समाज में ऊंच नीच के खाई को भाटने का काम हम युवा ही कर सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह से समाज में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती है। इस भ्रांति को तोड़ने का काम भी हम ही कर सकते हैं।हम सबको एक साथ मिलकर बाबा साहब के विचारों के लिए काम करने की आवश्यकता है। वही पीजी कॉलेज में बाबा साहब के जयंती के अवसर पर सह नगर मंत्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से छात्र हित के साथ समाज हित के लिए काम करता आ रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हम जब कोई महापुरुष की जयंती मनाते हैं तो उसके माध्यम से छात्रों के अंदर उस महापुरुष के विचारों को प्रसारित करने के लिए संगोष्ठी सेवा कार्य अन्य कार्यक्रम आयोजित करते हैं जिससे आज के युवा को भी उस महापुरुष के बारे में उनके योगदान के बारे में जानकारी रहे। उक्त अवसर पर मो शहजाद, विवेक, राहुल, प्रियंका, ज्योती आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा दलितों व पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करना चाहती है : गोपाल यादव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय समता भवन पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद मंडल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश से आर्थिक एवं सामाजिक विषमता समाप्त करने का संकल्प लिया। इस गोष्ठी में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें पिछड़े समाज का मसीहा बताया और कहा कि मोरार जी देसाई के कार्यकाल में 20दिसम्बर1978को उन्ही की अगुवाई में एक नये आयोग का गठन हुआ जिसे मण्डल आयोग के नाम से जाना गया । इस आयोग की 12दिसम्बर 1980 को फाइनल हुई रिपोर्ट में पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए 27फीसदी आरक्षण की सिफारिश की गई । जिसे देश के पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने अपने कार्यकाल में लागू किया । उस रिपोर्ट के लागू होने से पिछड़े समाज में क्रान्ति आयी । उन्होंने कहा कि आज गरीबों को मिलने वाला सामाजिक न्याय खतरे में है। भाजपा सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए समाजवादी पार्टी ने जातिगत जनगणना की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है ताकि समाज के सभी लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनका हक दिलाया जा सके । उन्होंने कहा कि पिछड़ा एवं दलित के हक एवं अधिकारों की रक्षा करना ही वीपी मंडल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से , पुर्व जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, पुर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, सुभाष यादव, सदानंद यादव, अमित ठाकुर, भरत यादव, अभिषेक कुशवाहा, राम प्रकाश यादव, रामाशीष यादव, आदि उपस्थित रहे।

असहाय मरीजों के लिए लगातार वरदान साबित हो रही 108 एंबुलेंस की सेवा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 108 एम्बुलेंस गरीब और असहाय लोगों के लिए लगातार वरदान साबित होती जा रही है। खासकर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले लोगों के लिए कि उनके एक काल पर एंबुलेंस उनके दरवाजे तक पहुंचकर उनके मरीज को पास के स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल या फिर हायर सेंटर बीएचयू वाराणसी तक पहुंच रही है। ऐसा ही एक मामला जमानिया स्वास्थ्य केंद्र पर देखने को मिला जब एक मरीज जिसे सांस लेने की प्रॉब्लम थी उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। 108 एंबुलेंस के ब्लॉक प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 108 एंबुलेंस के लिए एक कॉल आया । बताया गया कि बलराम जिसकी उम्र 65 साल है और उसे सांस लेने में दिक्कत आ रही है। जिसे जिला अस्पताल पहुंचाया जाना बहुत ही जरूरी है। इसकी जानकारी के बाद पायलट बंसराज और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अमर बताए गए लोकेशन पर पहुंचे । और फिर वहां से मरीज को लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी में एडमिट कराया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा उनका इलाज शुरू किया गया। ऐसा ही एक मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी पर मिला जहां पर महिला के प्रसव पीड़ा होने पर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यह बताते चलें कि शासन के द्वारा गर्भवती के प्रसव के लिए लगातार संस्थागत प्रसव पर जोर दे रही है ताकि जच्चा और बच्चा की मौत में कमी आए और शासन के इस मनसा को 108 एम्बुलेंस लगातार अम्लीय रूप दे रहा है। एंबुलेंस के प्रभारी दीपक राय ने बताया कि गर्भवती के प्रसव पीड़ा की जानकारी देते हुए 108 एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया था। जिसके बाद बताए गए लोकेशन पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन और पायलट पहुंचे। जहां से उन्होंने अंजू उम्र 26 पति अविनाश निवासी सादात को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों के द्वारा 108 एंबुलेंस के लिए कॉल किया गया। इसके बाद बताए गए लोकेशन पर पायलट के साथ इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन संतोष यादव पहुंचे जहां पर गर्भवती को तत्काल एंबुलेंस में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी से जिला महिला अस्पताल गाजीपुर लाया गया। और फिर उसे इमरजेंसी में दाखिल करने के बाद उसका इलाज शुरू हुआ। जहां पर उसका सुरक्षित प्रसव कराया गया।

काशी विद्यापीठ में स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से शनिवार मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मानविकी संकाय से प्रारंभ हो कर प्रशासनिक भवन होते हुए छात्र कल्याण संकाय पहुंच कर सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। एनएसएस के समन्वयक डॉ. रविंद्र कुमार गौतम ने कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवक-सेविकाओं को मतदाता शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता सभी में जागरूकता ला सकता है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजना वर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों में मतदाताओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में मतदाताओं से अपील है कि वह बढ़-चढ़कर वोट करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए। यह न सिर्फ हमारा अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ध्यानेंद्र कुमार मिश्रा सहित एवं स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

भीतरी में अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण करेंगे मंत्री गिरीशचंद यादव

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीतरी में संविधान निमार्ता और देश के पहले कानून मंत्री बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कल रविवार को प्रातः 10 बजे प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव करेगे। बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर के जन्म दिवस 14 अप्रैल 2024 को आयोजित समारोह के आयोजक एम के डी गर्ल्स डिग्री कालेज के प्रबंधक अजय यादव और ग्राम प्रधान विपिन सिंह ने बताया कि समता मूलक समाज के चिंतक महान विधि वेत्ता की प्रतिमा स्थापित होने से इस पिछड़े क्षेत्र में लोगों में खूब उत्साह है। पहली बार प्रदेश की किसी मंत्री के इस क्षेत्र में आगमन से ग्रामीण रोमांचित है।मुख्य रूप से एडवोकेट बीरेंद्र, सदानंद , जयप्रकाश और रमाशंकर विश्वकर्मा सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम की तैयारी में जुटे है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज

पिंडरा। पिंडरा विकास खण्ड के रमईपट्टी में डॉ भीमराव अंबेडकर सामाजिक एकता समिति के तत्वाधान क्षेत्रीय प्रतिभा ज्ञान प्रतियोगिता 14 अप्रैल को दोपहर 2 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी शिक्षक धर्मेन्द्र पटेल ने दी।

गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे चोलापुर विकासखंड के बीडीओ

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर वाराणसी विकासखंड के बी डी ओ श्याम नारायण सिंह ग्राम सभा भदवॉ में बने गौशाला पर औचक निरीक्षण करनें पहुंचे गौशाला की व्यवस्थाओं को देखकर ग्राम प्रधान और केयरटेकर का सराहना किया वही पर कार्य हो रहे बाउंड्री वॉल का भी निरीक्षण किया और पशुओं को उचित चारा व पानी पीने की टंकी को देखकर बताया की सुबह और शाम को पानी बदल बदल कर गायों को पिलाया जाये ताकि शीत गम पानी पीने से पशु बीमार भी पड सकते हैं और पानी की टंकी को ढकने का कोई व्यवस्था किया जाए गौशाला कैंपस के अंदर कुछ हरे वृक्ष के पौधे भी ग्राम प्रधान से लगाए जाने के लिए कहा गया।

हरपुर में बन रहा है रिसोर्स रिकवरी सेंटर, मिलेगी कूड़े से निजात

प्रखर गोरखपुर। घरों से निकलने वाले कूड़ा का स्थायी समाधान हो सके। इसके लिए ग्राम पंचायतों में रिसोर्स रिकवरी सेंटर(आरआरसी) बनाए जा रहे हैं। इसके पूरे होने के बाद में लोगों को जगह-जगह पड़े कूड़े से निजात मिल सकेगी, क्योंकि इसके शुरू होने के बाद में कूड़ा कर्मचारियों द्वारा रोजाना घरों से एकत्र किया जाएगा। और आरआरसी पर उनका निस्तारण होगा। इसी क्रम में सहजनवा ब्लाक के हरपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान मदनमुरारी गुप्ता ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर यानी आरआरसी का निर्माण शुरू कराया है। ताकि गांव के कूड़ा को एक जगह पर एकत्र किया जाए और उसका निस्तारण किया जा सके। प्रधान ने बताया कि इसके बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही गांव से गंदगी भी दूर होगी।

सड़क निर्माण न होने से ग्रामीणों का प्रदर्शन

प्रखर हरपुर बुदहट गोरखपुर। परमेश्वरपुर और रेवड़ा मार्ग पूरी तरह गड्ढे में तब्दील होने और शिकायत के बाद भी मरम्मत नहीं कराने से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि परमेश्वरपुर और रेवड़ा गांव का मुख्य पिच सड़क खस्ताहाल है। पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदारों का ध्यान इस सड़क पर नहीं है। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश मिश्रा द्वारा कई बार विधायक को इसकी जानकारी दी गई जिस पर विधायक द्वारा अमल नहीं किया गया! सड़क मरम्मत को लेकर नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। परमेश्वरपुर गोवंश केंद्र पर आने जाने का भी मुख्य रास्ता यही है। प्रदर्शन में संजय, गोलू, राहुल, मुकेश, उद्धव, शिवम, रुद्रनाथ, अंकुर, आदर्श जामवंत, कृष्णा, किशोर मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं